बुधवार, 17 सितम्बर 2025

**मौसम**



तापमान 26 – 31
आर्द्रता 82%
सूर्योदयः 5:24 सूर्यास्तः 17:40

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



देहरादून में बादल फटा, अब तक 13 की मौत
पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कर्म में विश्वास रखें आपकी अपेक्षाओं से सदैव अधिक मिलेगा।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे बढ़ें और अपारंपरिक खतरों से निपटने के लिए तैयार रहें : राजनाथ सिंह

- कोलकाता में संयुक्त कमांडर सम्मेलन को रक्षा मंत्री ने किया संबोधित
- कहा- उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं का एकीकरण जरूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सशस्त्र बलों से युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे बढ़ने और सूचना, वैचारिक, पारिस्थितिक व जैविक युद्ध जैसे अपरंपरागत व अदृश्य खतरों से निपटने के लिए हमेशा सतर्क और तैयार रहने का आह्वान किया। कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में आयोजित भारतीय सशस्त्र बलों के 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता, क्षेत्रीय संकट और बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच हमें निरंतर यह आकलन करते रहना होगा कि विश्व में हो रहे बदलाव भारत की सुरक्षा व्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि युद्ध का स्वरूप निरंतर बदल रहा है। आज के युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित होते हैं कि उनकी अवधि का अनुमान लगाना भी मुश्किल है- यह दो महीने, एक साल या पांच साल तक भी चल सकते हैं। ऐसे में हमें तैयार रहने की जरूरत है। हमें आपातकालीन सैन्य क्षमता पर्याप्त बनाए रखना जरूरी है।

**आज की सेना तकनीक-समर्थ हो**

उन्होंने कहा कि आज की सेना को तकनीक-समर्थ होना चाहिए। भारत के रक्षा क्षेत्र को आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं का सम्मिश्रण बताते हुए उन्होंने सैन्य कमांडरों से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित सुदर्शन चक्र का निर्माण करने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अगले पांच और दस वर्षों के लिए एक मध्यम अवधि एवं दीर्घकालिक योजना बनाने का सुझाव दिया। रक्षा मंत्री ने देश के रक्षा क्षेत्र को आधुनिकीकरण, परिचालन तत्परता, तकनीकी श्रेष्ठता और विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता पर केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सोमवार को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिए गए 'जेएआइळ यानी जय (संयुक्तता, आत्मनिर्भरता व नवाचार) के मंत्र पर काम करने की आवश्यकता है।

**त्रि-सेवा एकजुटता और नागरिक-सैन्य समन्वय पर विशेष बल**

रक्षा मंत्री ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों के साथ-साथ अन्य एजेंसियों के बीच संयुक्तता और तालमेल के महत्व पर भी जोर देते हुए इसे आवश्यक बताया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एकीकरण और संयुक्तता को बढ़ावा देने के लिए त्रि-सेवा लाजिस्टिक्स नोड्स और त्रि-सेवा लाजिस्टिक्स प्रबंधन एप्लिकेशन के निर्माण का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि नागरिक-सैन्य सहयोग को भी बढ़ाया जा रहा है।

**रक्षा खरीद प्रणाली में सुधार**

रक्षा मंत्री ने रक्षा खरीद नियमावली 2025 को अपनी मंजूरी देने की भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य खरीद प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी और तेज बनाना है। उन्होंने कहा कि रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 को भी संशोधित किया जा रहा है ताकि सशस्त्र बलों को जल्द से जल्द आपरेशनल मजबूती दी जा सके।

# ममता ने एसएसकेएम अस्पताल में नए वुडबर्न वार्ड 'अनन्या' का किया उद्घाटन

**करीब 67 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस 10 मंजिला इमारत में हैं 131 केबिन**




**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी एसएसकेएम (पीजी) अस्पताल में मंगलवार को नए वुडबर्न वार्ड यानी वुडबर्न- 2 ब्लॉक का उद्घाटन किया। करीब 67 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित इस 10 मंजिला इमारत का नामकरण भी मुख्यमंत्री ने किया। राज्य सचिवालय नवान्न की तर्ज पर इसका नाम 'अनन्या' रखा गया है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस बहुमंजिला नए वुडबर्न में कुल 131 केबिन हैं जबकि 50 क्रिटिकल केयर बेड हैं। सिंगल केबिन के अलावा इसमें सुइट्स वार्ड, एसडीयू और आईटीयू सह ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था है। अस्पताल की सुविधाओं के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी मैं ट्रीटमेंट लेने आऊंगी तो भी एक ही रुपया देना पड़ेगा, आम आदमी के लिए भी एक ही रुपया देना पड़ेगा। कुछ बेड लक्जरी हैं और कुछ आईसीयू बेड हैं। मुख्यमंत्री ने नए वुडबर्न वार्ड में हर तरह के केबिन के किराए की भी घोषणा की। ममता ने बताया कि नए वुडर्बन वार्ड में सिंगल केबिन का किराया पांच हजार रुपये तय किया गया है। सिंगट सुइट्स के लिए प्रति बेड आठ हजार, हाई डिपेंडेंसी इंफ्रास्ट्रक्चर वाले बेड का किराया 12,000 रुपये और इंटेंसिव थेरेपी यूनिट (आईटीयू) के लिए 15,000 रुपये बेड चार्ज है। यह बेड चार्ज और इलाज खर्च दैनिक आधार पर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुनाफा के बिना ही बेड चार्ज तय किया गया है। केवल लागत खर्च वसूलने के लिए मरीजों से किराया लिया जा रहा है। छह महीने बाद बेड चार्ज की दोबारा समीक्षा की जाएगी और जरूरी होने पर इसमें मरीजों को और रियायत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीजी के अधिकारियों ने उक्त सभी वार्ड के लिए दो हजार से अधिक बेड किराया तय किया था, लेकिन उन्होंने इसे कम कर दिया है। फिलहाल, नए वुडबर्न में स्वास्थ्य साथी बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। बाद में, इस बीमा योजना को यहां जोड़ा जा सकता है।

**निजी अस्पतालों को टक्कर देगा 'अनन्या'**

इस दौरान, ममता ने दावा किया कि नए वुडबर्न वार्ड का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतरीन है, जो निजी अस्पतालों को भी टक्कर देगा। ममता ने इस मौके पर कुल 15 परियोजनाओं का उद्घाटन और तीन का शिलान्यास किया। इनमें से अधिकांश स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी हैं। इनमें शंभूनाथ पंडित अस्पताल में बना बोन बैंक भी शामिल है, जिसका ममता ने उद्घाटन किया। इसके साथ ही ली रोड पर 24.49 करोड़ रुपये की लागत से एक सात मंजिला छात्रावास बनाया गया है। स्वास्थ्य भवन का एक नया भवन, एनेक्स-1, 16 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। औषधि नियंत्रण विभाग में 32.92 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक भवन का निर्माण भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कई नई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने खिलाफत कमेटी द्वारा निर्मित भवन का भी रिमोट के जरिए उद्घाटन किया।

**2011 के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन : ममता**

इस मौके पर, मुख्यमंत्री ने 2011 में तृणमूल कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति पर भी प्रकाश डाला। ममता ने कहा कि 2011 में जहां स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट केवल 3,684 करोड़ रुपया था। वहीं, अब यह बढ़कर 21,355 करोड़ रुपया हो गया है। बच्चों के लिए मुफ्त हार्ट सर्जरी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य साथी योजना का आज करोड़ों लोग लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में आठ करोड़ से ज्यादा लोग स्वास्थ्य साथी से सेवाएं ले चुके हैं। प्रतिदिन सात हजार मरीज स्वास्थ्य साथी से सेवाएं प्राप्त करते हैं।

## सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर

**नयी दिल्ली :** कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## जम्मू-कश्मीर: माता वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा 22 दिन के बाद आज फिर से होगी शुरू

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा मौसम की अनुकूल स्थिति के आधार पर बुधवार को फिर से शुरू होगी। श्राइन बोर्ड ने यह जानकारी दी। तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन की घटना के बाद यात्रा 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। इस हादसे में 34 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई दी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन किया और उन्हें उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। इस महत्वपूर्ण कदम को नयी दिल्ली के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के वाशिंगटन के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि ट्रंप की तरह वह भी भारत-अमेरिका व्यापक एवं वैश्विक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मेरे मित्र राष्ट्रपति ट्रंप, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके कॉल और हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, ''आपकी तरह मैं भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापक एवं वैश्विक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।'' उन्होंने कहा, ''हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।'' ट्रंप ने मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए फोन किया। यह फोन प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन से एक दिन पहले आया।

## केंद्र ने राज्यों से 'अवधि समाप्त होने के बाद भी रुके' 16 हजार विदेशियों की पहचान करने को कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी देश में रह रहे लगभग 16,000 विदेशी नागरिकों की पहचान करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इन विदेशों नागरिकों में से ज्यादातर अफ्रीकी देशों से हैं और ये मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अपराधों में शामिल हो सकते हैं। देश की संघीय मादक पदार्थ निरोधक एजेंसी स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र भेजकर ऐसे लोगों का पता लगाने और संशोधित विदेशी अधिनियम के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत सकारात्मक रही : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर मंगलवार को हुई बातचीत को वाणिज्य मंत्रालय ने सकारात्मक एवं दूरदर्शी करार दिया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने आपसी लाभकारी व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के प्रयासों को तेज करने पर सहमति जताई। भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने किया जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण एवं पश्चिम एशिया) ब्रेंडन लिंच ने किया। लिंच इस बातचीत में हिस्सा लेने के लिए सोमवार शाम को नयी दिल्ली पहुंचे थे। मंगलवार को दोनों पक्षों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। यह चर्चा पूरे दिन चली और इसके बाद मंत्रालय ने बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि बातचीत रचनात्मक रही और आगे के लिए ठोस आधार तैयार हुआ है।

**ट्रंप के सलाहकार नवारो ने कहा, 'भारत बातचीत की मेज पर आ रहा है'**

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** राजधानी दिल्ली में भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता से पहले व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि भारत 'बातचीत की मेज पर आ रहा है।' उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में भारत सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। उनकी यह टिप्पणी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच की मंगलवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दिन भर चलने वाली वार्ता से पहले आई है।

## पीएम मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी 17 सितंबर से शुरू होगी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इस नीलामी में 1,300 से अधिक उपहार शामिल हैं, जिनमें राम दरबार की तंजौर पेंटिंग, नटराज की धातु प्रतिमा और हाथ से बनी नगा शॉल जैसी खास चीजें शामिल हैं।यह ई-नीलामी ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी और इससे होने वाली आय नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा नदी की सफाई और संरक्षण कार्यों में लगाई जाएगी। इस नीलामी की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर की जा रही है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

# बंगाल में एसआईआर की तैयारी: 7.65 करोड़ मतदाताओं के लिए छपेंगे 15 करोड़ फॉर्म

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में क्या दुर्गा पूजा के बाद विशेष गणना संशोधन (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू होगी? इस सवाल पर अटकलें तेज हो गई हैं। दरअसल, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने आवेदनपत्र (एनुमरेशन फॉर्म) छपवाने की तैयारी के निर्देश दिए हैं। सीईओ कार्यालय सूत्रों के मुताबिक, राज्य में मतदाताओं की संख्या से दोगुने फॉर्म, यानी लगभग 15 करोड़ फॉर्म छापे जाएंगे। चूंकि इतनी बड़ी संख्या में फॉर्म एक जगह से छापना संभव नहीं है, इसलिए सीईओ ने जिलों से जानकारी मांगी है कि किन-किन जिलों में फॉर्म छपाई की व्यवस्था की जा सकती है। जिन जिलों में यह संभव नहीं होगा, वहां के लिए कोलकाता से फॉर्म छापकर भेजे जाएंगे। फिलहाल राज्य में लगभग 7.65 करोड़ मतदाता हैं। राष्ट्रीय चुनाव आयोग से ऑनलाइन प्राप्त होने वाले फॉर्म में प्रत्येक मतदाता का नाम और विवरण होगा। उन फॉर्मों के उपलब्ध होते ही छपाई का काम शुरू करना होगा। मंगलवार को सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया। इस प्रशिक्षण में करीब 4 हजार अधिकारी शामिल हुए, जिनमें ईआरओ, एयरो, एडीएम और कुछ जिलाधिकारी भी मौजूद थे।

# डीआरआई ने देशभर में चलाए गए अभियानों के तहत 108 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया

**नयी दिल्ली :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने पिछले 20 दिन में देशभर में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान 108.67 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक गांजा' जब्त किया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डीआरआई ने 'ऑपरेशन वीड आउट' के तहत 13-14 सितंबर, 2025 को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 39.2 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया है। बयान में कहा गया है कि स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत एक समन्वित अभियान में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बयान के अनुसार, डीआरआई के अधिकारियों ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए दो भारतीय नागरिकों को रोका। बयान में कहा गया है, ''उनके चेक-इन सामान की गहन जांच के दौरान 39.2 किलोग्राम वजन वाले हाइड्रोपोनिक गांजे के 39 पैकेट बरामद हुए। त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हासिल करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।'' एक अन्य मामले में, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने थाईलैंड के बैंकॉक से मुंबई तस्करी करके लाए जा रहे 7.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा को जब्त किया और एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के संबंधित प्रावधानों के तहत दो यात्रियों को गिरफ्तार किया।

# धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कई राज्यों को उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि राज्यों के जवाब मिलने के बाद ही वह इन कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के अनुरोध पर विचार करेगी। अदालत ने राज्यों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने और याचिकाकर्ताओं को उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर देने की अनुमति दी। पीठ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक समेत कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई कर रही है। इस बीच, अदालत ने याचिकाकर्ता सी यू सिंह को उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों द्वारा किये गए अधिक कठोर संशोधनों को ध्यान में रखते हुए याचिका में संशोधन की अनुमति दी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि इन कानूनों के चलते अंतरधार्मिक विवाह करने वालों पर उत्पीड़न बढ़ा है और जमानत मिलना मुश्किल हो गया है। सिंह ने कहा कि राजस्थान ने भी हाल ही में ऐसा कानून पारित किया है, जबकि उत्तर प्रदेश में संशोधनों के तहत तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज कराने की अनुमति दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने मध्यप्रदेश के कानून पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया, जबकि वृंदा ग्रोवर ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में ऐसे ही कानूनों पर रोक लगाने की मांग की। पीठ ने अश्विनी उपाध्याय की छल-कपट से धर्मांतरण रोकने वाली याचिका को अलग करने का भी आदेश दिया।

# यदि आप न्यायाधीशों को सुविधाएं नहीं दे सकते तो अधिकरणों को समाप्त कर दें: न्यायालय ने केंद्र से कहा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद, अधिकरणों में उनके पदभार ग्रहण करने को इच्छुक नहीं होने के लिए सुविधाओं की कमी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यदि सरकार स्थिति में सुधार करने में असमर्थ है, तो ऐसे सभी अर्ध-न्यायिक निकायों को समाप्त कर देना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सुविधाएं नहीं दे सकती, तो उसे सभी अधिकरणों को समाप्त कर देना चाहिए और सभी मामलों को उच्च न्यायालयों में भेज देना चाहिए। न्यायालय ने कहा, ''वे आवेदन क्यों कर रहे हैं, साक्षात्कार क्यों दे रहे हैं और फिर कार्यभार क्यों नहीं संभाल रहे हैं? एक कारण यह है, उन्हें तब जाकर इसकी वास्तविकता का पता चलता है कि अधिकरण का सदस्य होना क्या होता है। उनमें से कुछ, अगर वे अध्यक्ष होते हैं, तो वे उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश होते हैं। उन्हें कोई भी सुविधा नहीं दी जाती। यहां तक कि स्टेशनरी के लिए भी उन्हें लगातार अनुरोध करना पड़ता है। आप अधिकरणों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? दोष आपका (केंद्र का) है। आपने ही अधिकरण बनाए हैं।''



## ईडी ने सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मामले में रॉबिन उथप्पा, युवराज सिंह, सोनू सूद को तलब किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह तथा अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि उथप्पा (39), युवराज सिंह (43) और सूद (52) को '1एक्सबेट' नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय में जांच इकाई के सामने पेश होने और उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि उथप्पा को 22 सितंबर को बयान दर्ज कराने को कहा गया है, वहीं सिंह को 23 और सूद को 24 सितंबर को बुलाया गया है।



# प्रतिबंध को लेकर देश में एक नीति बने

भारत जैसा देश, जो दुनिया भर के प्रदूषित देशों में पांचवें नंबर पर हो, जहां दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर हो और तेरह अन्य शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हों, वहां हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। लेकिन विडंबना यह कि इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा केवल दिल्ली के प्रदूषण और पटाखों पर अंकुश लगाने को लेकर होती है। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। वैसे तो राष्ट्रीय राजधानी में वायु दूषित होने के तमाम कारक हैं,लेकिन पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चर्चा गाहे-बगाहे होती है। खासकर कुछ प्रमुख त्योहारों के मौके व निजी समारोहों में जलाये जाने वाले पटाखों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते हैं। इसकी वजह यह है कि यह प्रदूषण का ऐसा कारण है जिससे बचा जा सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि दिवाली आदि के मौके पर हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जाती है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है।

कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। लेकिन हम इसके बावजूद निजी सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ से परहेज नहीं करते। सही मायनों में असली खुशी वही होती है जिससे हमारा समाज सुखी, स्वस्थ और खुश रह सके। अब चाहे हमारे त्योहार हों या निजी उत्सव, वे समाज के लिये अहितकारी नहीं होने चाहिए। देर-सवेर इस संकट की कीमत हर नागरिक को चुकानी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि साफ हवा देश के हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में हमें दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की चिंता के साथ ही शेष देश की भी चिंता गंभीरता से करनी चाहिए। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि दिल्ली में पटाखों पर नियंत्रण का जो भी फार्मूला बने, उसे सारे देश में भी लागू करना चाहिए। यह संकट सारे देश का है। एक नागरिक के तौर पर हमारा जिम्मेदार व संवेदनशील व्यवहार ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 सितम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष एकादशी, 23:42 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 06:24 तक, योग : परिघा, 22:50 तक, सूर्योदय: 5:24, सूर्यास्त: 17:40, चन्द्रोदय : 00:56, चन्द्रास्त: 14:52, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 11:30 से 13:01

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के मामले में आपको पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। जिससे आपके कई रुके हुए काम समय पर पूरे हो सकते हैं। परिवार में आपको जीवनसाथी का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** कामकाज के सिलसिले में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। लेकिन इस दौरान सावधानी बरतनी जरूरी है, अन्यथा चोट लग सकती है। भविष्य में भरपूर लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** आर्थिक मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से पहले, अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है। व्यापार के मामले में अचानक लाभ हो सकता है।

**कर्क :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार के मामले में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी मेहनत का पूर्ण फल प्राप्त होगा। उन्नति के नए मार्ग खुलते जाएंगे।

**सिंह :** दिन मिलाजुला रहने वाला है। किसी कारण के चलते आपका मन परेशान रह सकता है और तनाव भी रहेगा। लेकिन कोई भी फैसला भावुकता में आकर लेने से बचें।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आप अपने कठिन कार्यों को साहसपूर्वक करने में सक्षम रहेंगे। इसी के चलते आपके सभी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा।

**तुला :** आपके लिए यह दिन फलदायक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी और संपत्ति भी बढ़ेगी। व्यापार के मामले में निवेशों से लाभ मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक :** आपका मन किसी काम या बात को लेकर परेशान रह सकता है। व्यापार के मामले में आपके द्वारा किए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। जिसके चलते मन उदास हो सकता है।

**धनु :** आपके लिए यह दिन अच्छा रहने वाला है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सफलता मिलेगी और ज्ञान में वृद्धि होगी। भाग्य की ओर से आपको पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन कुछ अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे। जिन पर अपने इच्छा के विरुद्ध भी आपको धन खर्च करना पड़ सकता है।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आप नई योजनाएं बना सकते हैं और कुछ नए प्रोजेक्ट पर काम करने विचार भी बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में आवश्यकता के अनुसार धन खर्च करना जरूरी होगा।

**मीन :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे मनोबल बढ़ेगा और मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से जरूरी काम बीच में अटके थे तो अब वे पूरे हो सकते हैं।

# सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी मोदी



**श्री अमित शाह**
**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

17 सितम्बर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निज़ाम और रज़ाकारों से मुक्ति मिली थी। और आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया - हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वाँ जन्मदिन है। मैं 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मोदी जी को मनपूर्वक जन्मदिन की बधाई देता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि भारत के मजबूत भविष्य के निमित्त वे मोदी जी को लंबी आयु, ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है। ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं।

हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएँ से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुँचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया। जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आँखों में संतोष और भरोसा देखता हूँ, तो समझ में आता है कि मोदी जी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रूबरू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी जी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किये। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी जी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला।

कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है। इस मामले में मोदी जी की नेतृत्व क्षमता अलग ही लोहे से बनी है। अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी वे असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए।

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर विशेष**



अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी जी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा! लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा। पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुँचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है।

विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी जी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहाँ भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी- 20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन - हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है।

नरेंद्र मोदी जी को जितना मैंने जाना है, उसके आधार पर यह कहता हूँ कि उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं। उनकी वाणी में सहजता और सरलता का वह कौशल है, जो संवाद करते हुए उन्हें सीधे जनता के मन तक पहुँचा देता है। वे जब रेडियो पर 'मन की बात' करते हैं, तो करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री सीधे उनसे संवाद कर रहे हैं। किसी गाँव का कोई किसान हो या शहर का कोई छात्र हो अथवा कोई गृहिणी हो, हर कोई उनसे आत्मीयता का अनुभव करने लगता है। यह कोई सामान्य बात नहीं है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो पाता हूँ कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को केवल आर्थिक और राजनीतिक रूप से ही नहीं, अपितु मानसिक और सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है। भारत की आतंरिक शक्ति की सही समझ रखने वाले मोदी जी का ही विजन है कि 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करे, तब हमारा देश 'आत्मनिर्भर भारत' और एक महान देश के रूप में पुनः विद्यमान हो, और इसकी पूर्ति के लिए वे अपनी दूरदर्शी नीतियों से देश को तेजी से इस दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने हर भारतीय के भीतर यह विश्वास जगाया है कि हम विश्व में किसी से कम नहीं हैं। पिछले 11 वर्षों में एक उनके नेतृत्व में देश ने आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई ऊँचाइयाँ छुई है, जो मेरी नजर में ऐतिहासिक भी है और अद्वितीय भी।

वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी जी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

# यूपी/बिहार/झारखंड

## उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने 2017 और 2021 के बीच जारी सभी गैर-कर ई-चालान रद्द किए

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने मंगलवार को वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए 2017 और 2021 के बीच जारी किए गए गैर-कर ई-चालान रद्द कर दिये। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि रद्द किए गए चालान अब परिवहन पोर्टल पर दो श्रेणियों 'निपटारा' (अदालत में लंबित मामलों के लिए) और 'समाप्त-समय सीमा' (कार्यालय स्तर पर लंबित मामलों के लिए जिनकी समय सीमा समाप्त हो गई है) में हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने इस पहल को कानूनी रूप से सुदृढ़ और नागरिकों के लिये



फायदेमंद बताया है। उन्होंने कहा, "यह निर्णय कानूनी व्यवस्था के दायरे में है और पारदर्शी प्रशासन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य नागरिकों को एक सुचारू, सुरक्षित और सम्मानजनक सेवा अनुभव प्रदान करना है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।" सिंह ने बताया कि इन चालानों से जुड़ी सभी बाधाएं जैसे कि फिटनेस प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण, परमिट जारी करना, वाहन स्थानांतरण और उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) खुद ही दूर हो जाएंगी। हालांकि कर से जुड़े चालान इस राहत के दायरे में नहीं आएंगे। विभाग के अनुसार, पूरी प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद वाहन मालिक पोर्टल पर अपने चालान की स्थिति देख सकेंगे।

## सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी शीर्ष अदालत के फैसले पर समीक्षा याचिका दायर करे विभाग : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग को सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करने वाले उच्चतम न्यायालय के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्देश दिया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी ने लिखा, "उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।"

## नीतीश ने 12वीं की परीक्षा पास करने वालों के लिए ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण की घोषणा की

**पटना :** बिहार सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने वाले छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इससे पहले, सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदकों को चार प्रतिशत और महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत की ब्याज दर पर चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्रदान किया जाता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "अब, सभी आवेदकों के लिए ऋण ब्याज मुक्त होगा।" बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना दो अक्टूबर, 2016 से लागू है। कुमार ने कहा कि दो लाख रुपये



तक के ऋण को 60 मासिक किश्तों में चुकाने के प्रावधान को अब अधिकतम 84 मासिक किश्तों तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा, दो लाख रुपये से अधिक के ऋण के लिए, पुनर्भुगतान अवधि 84 मासिक किश्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक किश्तें कर दी गई है।" कुमार ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## झारखंड में 2,600 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू: मुख्यमंत्री सोरेन

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में स्कूलों के लिए 2,600 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है।



उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हर कदम उठा रही है। सोरेन ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, "हम सभी शिक्षा के महत्व को जानते हैं। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक सरकार राज्य की पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमने राज्य में 2,600 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है।" उन्होंने नवनियुक्त 301 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यहां कक्षा छह से आठ तक के लिए 131 सहायक शिक्षकों तथा कक्षा एक से पांच तक के लिए 170 सहायक शिक्षकों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने दो सितंबर को 909 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे।

## झारखंड पुलिस के मुख्यालय में लगी आग

**रांची :** रांची स्थित झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के डेटा केंद्र के कक्ष में शॉर्ट सार्किट के कारण सुबह करीब पांच बजे आग लगी। उन्होंने बताया कि इस कमरे में झारखंड पुलिस की सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम), इन-हाउस सॉफ्टवेयर टीम और विशेष शाखा की एचआरएमएस (एचआर मैनेजमेंट सिस्टम) मौजूद है। पुलिस ने बातया कि दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

## वाराणसी में धूमधाम से मनाया जायेगा प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिन

**वाराणसी (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को वाराणसी नगर निगम 111 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेगा। वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने मंगलवार को बताया कि इसके साथ ही नगर निगम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर 75 किलो का केक भी काटेगा। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार (17 सितंबर) को 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के एक छोटे से कस्बे में हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ जून, 2024 को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया। वे जवाहरलाल नेहरू के बाद पहले गैर-कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नगर निगम एक कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें 111 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। तिवारी ने बताया कि शहर के सभी आठ अंचलों और पांच विधानसभा क्षेत्रों में 63.76 करोड़ रुपये की लागत से 65.68 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण, मरम्मत और जल निकासी का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के 75 कुओं की सफाई और जीर्णोद्धार का काम 1.18 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3210



*ऊपर से नीचे:-* 1) महिला, 2) विविध, 4) कुछ कुछ लाल, 5) मूर्ख (ग्रामीण बोली), 6) प्रतिष्ठा, 8) भूतकाल 11) कृतघ्नता, 14) समान, 17) प्रतिष्ठा, 20) सजीला, 21) एक पंजाबी नदी, 24) एक देश, 25) अर्थ; हृदय, 26) शोक, 27) कैफ़, 29) नेस्तनाबूदी.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) गाढ़ा करना, 3) तड़का, 5) नाराज़गी, 7) हाथी, 9) स्वास्थ्यदशा, 10) गहराई, 12) गीत, 13) भूना हुआ मसालेदार सूखा माँस, 15) राधा, 16) रसीला, 18) उपयोग, 19) बुरी आदत, 21) सौ में सौ, 22) आवरण, 23) पूर्वज, 24) बोझिल, 25) विभाग, 27) एक नदी, 28) धमकाना, 30) शरारत; मजमा, 31) कृपा; दया.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | मा | न | ■ | ■ | ज | न | म | त |
| र्जु | ■ | ल | व | ■ | अ | ल | ग | ■ | ल |
| न | या | ■ | जा | य | दा | द | ■ | मा | ध |
| ■ | द | ■ | त | ■ | ल | ■ | ना | दा | र |
| बे | गा | ना | ■ | स | त | रं | गा | ■ | ■ |
| स | र | ह | द | ■ | ■ | ग | ■ | छा | प |
| हा | ■ | क़ | ह | र | ■ | रू | प | ■ | रे |
| रा | म | ■ | क | ■ | चौ | प | ट | ■ | शा |
| ■ | स | मा | ना | र्थ | क | ■ | ल | गा | न |

## सुडोकू-पहेली-3167

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 6 | | 4 | 8 | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | | | 4 | 3 | | | | |
| | | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 7 | | | 1 |
| | 4 | | | | | 6 | 8 | |
| 8 | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की, पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 3166 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 9 |

# दुर्गा पूजा से पहले अपराध नियंत्रण के लिए कोलकाता पुलिस ने जारी किए दिशा-निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से पहले शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने साफ किया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पूजा के दिनों में शहर में विभिन्न जिलों और राज्यों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसी दौरान अपराधी गिरोह भी सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में हर थाने के प्रभारी को चौकसी बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था का कड़ाई से निरीक्षण करने के आदेश दिए गए हैं। आयुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी थाना प्रभारी यह जांचें कि उनके इलाके के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं और वे चालू हालत में हैं या नहीं। इनकी रिपोर्ट तुरंत लालबाजार स्थित मुख्यालय को भेजने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही खुफिया विभाग, वॉच सेक्शन, एंटी-रावडी यूनिट और महिला बटालियन को चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहने को कहा गया है। शहर के भीड़भाड़ वाले चौराहों और संवेदनशील इलाकों में रात और सुबह के समय गश्त बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया है। हर साल की तरह इस बार भी पूजा से पहले छिनतई, चोरी और लूटपाट जैसी घटनाओं में इजाफा देखा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में कई इलाकों में सुबह की सैर करने वालों पर हमले और स्नैचिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, मोबाइल वैन गश्त और गुप्त निगरानी जारी रखने का फैसला लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि आम लोगों की शिकायतों का निपटारा तेजी से होना चाहिए और अपराध रोकने में किसी भी स्तर पर कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने शहर में कई पूजा तैयारियों का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश



कोलकाता के संयुक्त पुलिस आयुक्त (सदर) मिराज खालिद के नेतृत्व में मंगलवार को एक पुलिस टीम ने शहर के कई पूजा मंडपों का निरीक्षण किया। सबसे पहले, शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बेहाला नोतुन दल, बारिशा क्लब, विवेकानंद पार्क एथलेटिक क्लब समेत कुल 12 पूजा स्थलों की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने पूरे प्रबंधन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुलिस की ओर से कई निर्देश भी दिए गए हैं। जिनमें से पहला निर्देश अग्निशामक व्यवस्था का है। कई मामलों में देखा गया है कि पूजा समितियां लकड़ी पर कपड़ा लगाकर पंडालों में इसका इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में लालबाजार ने 'अग्निरोधक उपचार' पर ज़ोर दिया है। इतना ही नहीं, कोलकाता पुलिस ने आदेश दिया है कि पंडालों में प्रवेश और निकास के लिए ढलान वाली जगह होनी चाहिए, पैदल मार्ग समतल होना चाहिए और पंडालों की ऊंचाई भी नियमों के अनुसार रखी जानी चाहिए। यही नहीं, पूजा समितियों को भीड़-भाड़ वाले पंडालों में घुटन की स्थिति पैदा न हो, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। खास तौर पर, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मंडप में हवा का संचार सामान्य रूप से होता रहे। पुलिस ने पूजा समितियों को पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने को भी कहा है। पता चला है कि अधिकारी बुधवार को भी शहर में पूजा की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यहां तककि कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा खुद शुक्रवार को निरीक्षण के लिए निकल सकते हैं।

# दुर्गा पूजा से पहले बंगाल में 97 अस्थायी दमकल केंद्र, मंत्री सुजीत बोस की बड़ी घोषणा



**कोलकाता :** दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़ी तैयारी की है। राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने मंगलवार को घोषणा की कि पूजा से पहले पूरे राज्य में 97 अस्थायी दमकल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 19 सितंबर को दमकल महानिदेशक (डीजी) की अगुवाई में बड़े पूजा मंडपों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जाएगी। न्यू टाउन दमकल केंद्र में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि पूजा के दौरान कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में 25 फायर कियोस्क भी बनाए जाएंगे। वहीं, रेडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जाएगा। सुजीत बोस ने यह भी बताया कि जल्द ही राज्य सरकार 25 नए स्थायी दमकल केंद्र बनाएगी। उन्होंने कहा, दमकल विभाग का काम और भी अहम हो रहा है। 2011 में जहां राज्य में केवल 109 दमकल केंद्र थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 166 हो गई है। मंत्री ने आगे कहा कि भविष्य में विभाग को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इसमें फायर ड्रोन और रोबोट का इस्तेमाल शामिल होगा। इसके अलावा, अदालत की अड़चनें दूर होने के बाद दमकल विभाग में नए भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

# 'सोनार फोंटा': बोसपाड़ा दुर्गा पूजा में सोनाझुरी हाट की सांस्कृतिक झलक

- **आयोजक : बारिशा सबुज साथी क्लब द्वारा आयोजित बोसपाड़ा सार्वजनिक दुर्गोत्सव 2025**
- **वर्ष : 85वां**
- **अध्यक्ष : रंजन घोष**
- **सचिव : पापरी घोष, श्राबोनी चंदा, जवा घोष**
- **कला संरचना : बप्पा दत्ता और मोहन मंडल**



**आलोक प्रसाद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बोसपाड़ा सार्वजनिक दुर्गोत्सव 2025, जो बड़िशा सबुज साथी क्लब द्वारा आयोजित होगा, ने इस वर्ष अपनी थीम के रूप में बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन के निकट सोनाझुरी हाट को चुना है, जिसे 'सोनार फोंटा' नाम दिया गया है। यह थीम बंगाल की प्राकृतिक सुंदरता, शिल्पकला और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने का प्रयास करती है। सोनाझुरी हाट, जो खोयाई क्षेत्र की लाल मिट्टी, शाल-सोनाझुरी-पियाल के पेड़ों और खोयाई नदी के किनारे बसे निसर्गमय परिवेश में स्थित है, केवल एक बाजार नहीं, बल्कि बंगाल की शिल्पकला और संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। इस थीम के माध्यम से पूजा पंडाल में इस हाट का माहौल पुनर्जनन किया जाएगा, जो बंगाल की आत्मा को दर्शाता है।

**❑ थीम का सांस्कृतिक महत्व**

सोनाझुरी हाट बंगाल की ग्रामीण सुंदरता और सृजनशीलता का प्रतीक है, जहां हस्तनिर्मित शिल्प, प्राकृतिक सामग्री से बने कला उत्पाद, साँवताली नृत्य और बाउल गीत बंगाल की समृद्ध परंपराओं को दर्शाते हैं। 'सोनार फोंटा' थीम इस सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करती है, जो बंगाल की शिल्पकला और सांस्कृतिक गौरव को न केवल संरक्षित करती है, बल्कि इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास करती है। यह थीम बंगाल की पहचान को मजबूत करने का एक प्रयास है, जो बाहरी प्रभावों से अपनी सांस्कृतिक चेतना को मलिन होने से बचाने का संदेश देती है।

**❑ थीम की रचनात्मक प्रस्तुति**

'सोनार फोंटा' थीम को जीवंत करने के लिए पूजा पंडाल को सोनाझुरी हाट की तरह सजाया जाएगा, जिसमें लाल मिट्टी, प्राकृतिक सामग्री जैसे बांस, लकड़ी और अन्य मूल्यवान धातुओं से बने शिल्पकर्म प्रदर्शित होंगे। पंडाल में साँवताली नृत्य और बाउल संगीत का माहौल बनाया जाएगा, जो दर्शकों में भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुभूति जगाएगा। यह थीम बंगाल की सृजनशीलता को उजागर करती है, जहां प्रत्येक शिल्पकला बंगाल के इतिहास और आत्मपरिचय की कहानी कहती है, जो दर्शकों को ग्रामीण बंगाल की आत्मा से जोड़ने का काम करेगी।

**❑ थीम का उद्देश्य**

इस थीम का मुख्य उद्देश्य बंगाल की शिल्पकला और सांस्कृतिक विरासत को हृदय में संजोना और उसे जीवंत रखना है। समिति का मानना है कि सोनाझुरी हाट की सादगी और सौंदर्य बंगाल की आत्मा का प्रतीक है, और इसे पूजा पंडाल में प्रस्तुत करके वे न केवल उत्सव को समृद्ध करेंगे, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करेंगे। यह थीम बाहरी प्रभावों से बंगाल की शिल्प चेतना को बचाने और इसे भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत बनाने का प्रयास है।

**❑ दर्शकों के लिए निमंत्रण और प्रभाव**

बोसपाड़ा सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सभी भक्तों और संस्कृति प्रेमियों को आमंत्रित करती है कि वे इस दुर्गा पूजा में सोनार फोंटा थीम के तहत सजाए गए पंडाल में आएं और सोनाझुरी हाट की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करें। यह थीम न केवल एक उत्सव है, बल्कि बंगाल की शिल्पकला और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास है, जो अतीत को सम्मान देते हुए भविष्य के लिए प्रेरणा देता है।

# 'द बंगाल फाइल्स' की स्क्रीनिंग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट में मंगलवार को एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें पूरे बंगाल के सिनेमाघरों में विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' दिखाए जाने की मांग की गई है। यह याचिका नदिया जिले के रहने वाले सायन कंगसबनिक ने दायर की। उनका तर्क है कि किसी भी फिल्म को जब केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी मिल जाती है, तो उसे देखना नागरिकों का मौलिक अधिकार है और किसी को भी इससे वंचित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता ने अदालत से अपील की है कि फिल्म की रिलीज़ को लेकर अदालत हस्तक्षेप करे। मामले की सुनवाई जल्द ही हो सकती है। इस याचिका में यह भी कहा गया है कि बंगाल में 'द बंगाल फाइल्स' की रिलीज़ पर आपत्ति जताना न सिर्फ फिल्म उद्योग में बाधा डालना है बल्कि नागरिकों के पंसदीदा फिल्म देखने के अधिकार का उल्लंघन भी है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीबीएफसी से मंजूरी प्राप्त फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाना कानून का उल्लंघन है। देशभर में यह फिल्म बिना किसी बाधा के प्रदर्शित हो रही है, केवल बंगाल में इसे लेकर विवाद है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौमेंदु मुखोपाध्याय और निकुंज बरलिया मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं। गौरतलब है कि इसी महीने की शुरुआत में इस फिल्म के एक प्रमुख किरदार 'गोपाल पांठा' उर्फ गोपाल मुखोपाध्याय के पोते की ओर से दायर याचिका को हाईकोर्ट पहले ही खारिज कर चुका था।

## आनंदपुर में बहुमंजिली इमारत से गिरकर महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आनंदपुर स्थित ईएम बाइपास के पास एक नामी आवासीय परिसर में मंगलवार की सुबह ऊंची इमारत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान संचिता अग्रवाल (44) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, महिला अपने आवासीय परिसर 'उर्बाना कॉम्प्लेक्स' के टॉवर 4 की 19वीं मंजिल से गिरीं। सुबह करीब 5:30 बजे उनका शव इमारत के नीचे गंभीर चोटों के साथ पाया गया। उन्हें तुरंत एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह 10:05 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, संचिता अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से बेहद चुपचाप रहती थीं और अवसाद से गुजर रही थीं।

# भाजपा ने इकबालपुर में मृत व्यक्ति के परिवार से की मुलाकात, मदद का आश्वासन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के पोर्ट विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 78 के भूकैलाश रोड पर एक गरीब हिंदू व्यक्ति धनराज प्रसाद की दुखद हत्या ने एक बार फिर शहर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है। कथित तौर पर, एक असामाजिक तत्व, अमजद और उसके साथियों द्वारा किए गए इस अपराध को अभी तक न्याय नहीं मिला है। हैरानी की बात यह है कि स्पष्ट सबूतों और घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद, कोलकाता पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में विफल रही है। यह निष्क्रियता ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार में व्याप्त जंगल राज का स्पष्ट प्रतिबिंब है, और यह राजनीतिक दबाव के कारण कानून प्रवर्तन की पूर्ण विफलता का संकेत देती है। मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, नवीन मिश्रा (राज्य सह-संयोजक, स्वच्छ भारत अभियान, भाजपा पश्चिम बंगाल) अमरजीत कुमार, जितेंद्र मणि त्रिवेदी, रघुवीर सिंह, शैलेंद्र कश्यप, जयश्री भारती, मनोज श्रीवास्तव और कई अन्य स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। अर्जुन सिंह ने शोक संतप्त परिवार को हर संभव देने का आश्वासन दिया और इस कठिन समय में भाजपा के अटूट समर्थन की बात कही। उक्त जानकारी विज्ञप्ति जारी कर भाजपा नेता नवीन मिश्रा ने दिया।

# दलुइखाकी हिंसा मामले में पुलिस की ढिलाई पर नाराज़ हाईकोर्ट, सीआईडी को सौंपी जिम्मेदारी

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने दक्षिण 24 परगना के दलुइखाकी हिंसा मामले में पुलिस की भूमिका पर कड़ा रुख अपनाया है। घटना को दो साल बीत जाने के बावजूद 14 आरोपियों में से अब तक केवल 2 की गिरफ्तारी पर न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष ने मंगलवार को नाराज़गी जताई। अदालत ने शेष 12 आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सीआईडी को सौंप दी। मामला नवंबर 2023 का है, जब जयनगर के तृणमूल नेता सैफुद्दीन लस्कर की हत्या की गई थी। आरोप है कि हत्या में दलुइखाकी के एक युवक की बाइक का इस्तेमाल हुआ। इसके बाद तृणमूल समर्थित असामाजिक तत्वों ने सीपीएम समर्थकों के लगभग 28 घरों में आग लगा दी और तोड़फोड़ की। कई घरों की संपत्ति लूटी गई और गांव को लगभग पुरुष-विहीन बना दिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति घोष ने कहा, सरकार बदल जाती है, लेकिन पुलिस वही रहती है। हमें उसी के साथ काम करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोपियों को पकड़ने में राजनीतिक रंग नहीं देखना चाहिए। सरकारी वकील ने अदालत से 45 दिन का समय मांगा, जिस पर न्यायमूर्ति ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, यह वोकल टॉनिक जांच अधिकारी को दीजिए। न्यायमूर्ति घोष ने सोनारपुर, बारुइपुर और नरेंद्रपुर थानों की भूमिका पर भी गहरी नाराज़गी जताई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई नवंबर में तय की है और तब तक कितने आरोपियों की गिरफ्तारी हो पाती है, इस पर सबकी निगाहें रहेंगी।

## एसएससी ग्रुप सी मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) घोटाले में आरोपित पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी को मंगलवार को विशेष सीबीआई अदालत से राहत मिली। अदालत ने गैर-शिक्षण ग्रुप सी कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से जुड़े मामले में उन्हें 90 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। हालांकि, यह जमानत पार्थ चटर्जी की जेल से रिहाई का रास्ता फिलहाल साफ नहीं करती। उनकी रिहाई अब कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले पर निर्भर करेगी, जो प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़े मामले में उनके जमानत आवेदन पर सुरक्षित रख लिया गया है। इस मामले की सुनवाई सोमवार को न्यायमूर्ति सुव्रा घोष की एकल पीठ ने पूरी की थी।

## पूजा से पहले राज्य सरकार के कर्मचारियों को मिलेगा वेतन, नवान्न का ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने कर्मचारियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। ममता सरकार ने केंद्र को मात देते हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों को पूजा से पहले वेतन देने का ऐलान किया है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में बताया गया है कि सितंबर महीने का वेतन 24 और 25 सितंबर को दिया जाएगा। साथ ही, अधिसूचना में बताया गया है कि ग्रांट इन एड वेतन, मजदूरी, पारिश्रमिक, वजीफा, मानदेय का भुगतान भी उसी दिन किया जाएगा। हालांकि, इस महीने की पेंशन 1 अक्टूबर को मिलेगी। पूजा की छुट्टी 26 सितंबर से शुरू हो रही है। यह 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इसीलिए इस समय से पहले महीने का वेतन देने का फैसला किया गया है। दूसरी ओर, सितंबर महीने के लिए जय बांग्ला, लक्ष्मी भंडार सहित विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं का पैसा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया जाएगा। बताया गया है कि इसका भुगतान एक अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग ने विभिन्न विभागों के डीडीओ और जमा खातों के प्रशासकों को पहले से ही ट्रेजरी में बिल या सलाह जमा करने का निर्देश दिया है।

ॐ ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। ॐ

महाप्रयाण

अखण्ड ज्योत है अपार माया ।
श्री श्याम देव की परबल छाया ।।



वि. सं. 1990-2082

बाबा श्याम की अमर गाथा "श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ" के रचयिता
जय श्री श्याम सेवा संघ के श्रद्धेय गुरुवर
श्री श्रीचंद जी शर्मा
आश्विन कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 (सोमवार, दि.15 सितंबर 2025)
को इस नश्वर देह को त्याग कर श्यामलीन होने पर सश्रद्ध श्रद्धार्पण :

सम्वत उन्नीस सौ नब्बे में, श्री श्रीचन्द्र जी ने जन्म लिया था ।
चौमाल वँशी पिता लूणाराम माँ, जड़िया जी को धन्य किया था ।।
गुरु पूर्णानन्द जी अग्निहोत्री, के चुरू गुरुकुल में शिक्षा पाई ।
सूरजगढ़ गुरु साँवलराम जी, सँग खाटू यात्रा शुरू हो आई ।।
श्री श्याम कृपा से श्याम कुण्ड, इकतालीस दिन किया प्रवास ।
श्री आलूसिंह जी के सान्निध्य में, निराहार रख लिया उपवास ।।
श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ, इसी अवधि में लिखा गया था ।
सम्वत दो हजार चौदह में, अखण्ड पाठ लेखन पूरण भया था ।।
उसी वर्ष कार्तिक सुदी ग्यारस, श्याम प्रभु को ये पाठ सुनाया ।
श्याम बहादुर मंगला भगत जी, का आशीष ही ये भाव जगाया ।।
सम्वत दो हजार पन्द्रह में, बलांगीर पटना कोलकाता वालों ने ।
श्याम पाठ का ग्रन्थ छपाया, जय श्री श्याम सेवा संघ वालों ने।।
श्याम कृपा से श्रीचन्द्र जी द्वारा, लिखित पाठ घर घर में होता ।
कहे 'रवि' अखण्ड पाठ वाचन से, हर कारज सम्पूरण है होता ।।
-रविन्द्र केजरीवाल 'रवि'

आपकी छत्रछाया सदैव बनी रहे यही कामना और प्रार्थना है ।

: श्रद्धावनत् :
जय श्री श्याम सेवा संघ
2, जगमोहन मल्लिक लेन, कोलकाता-700007



### तृणमूल में नेताओं को शामिल करने को लेकर नया निर्देश

# अभिषेक-आई पैक को बताए बिना पार्टी में शामिल होने से मनाही

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** जब तक ब्लॉक और नगर स्तर पर नए अध्यक्षों के नामों की घोषणा नहीं हो जाती, तब तक किसी भी अन्य दल के नेता व कार्यकर्ता को तृणमूल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद किसी को शामिल होना है, तो जिला समिति के साथ-साथ चुनावी रणनीतिकार संस्था आई पैक को भी सूचित करना होगा। साथ ही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी (एबी) के कार्यालय को भी सूचित करना होगा। जंगीपुर जिला



तृणमूल ने इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्षों, विधायकों और शाखा संगठनों के जिला अध्यक्षों को निर्देश भेजे हैं। यह निर्देश पिछले रविवार को तृणमूल के जंगीपुर संगठनात्मक जिला अध्यक्ष और सांसद खलीलुर रहमान द्वारा जारी किया गया है। राज्य के अन्य जिलों में ऐसे निर्देश जारी होने की फिलाहल सूचना नहीं है। जंगीपुर में ऐसा निर्देश क्यों जारी किया गया? खलीलुर ने आधिकारिक तौर पर कहा कि हमने ऐसा इसलिए किया क्योंकि पार्टी ने कहा था। लेकिन ऐसा कहीं और क्यों नहीं हुआ? खलीलुर इस संबंध में कुछ नहीं कह सके। हालांकि, सत्तारूढ़ दल के एक शीर्ष नेता ने कहा कि कुछ संगठनात्मक जिले विभिन्न कारणों से राजनीतिक रूप से संवेदनशील हैं। जंगीपुर उनमें से एक है। उस सूची के अनुसार, संभावना है कि बाकी जिलों में भी ऐसे निर्देश जारी किए जाएंगे। जंगीपुर तृणमूल के निर्देशों से स्पष्ट है कि अभिषेक पार्टी में शामिल होने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करना चाहते हैं। नोटिस में कहा गया है कि यह पूरी बात 'अभिषेक बनर्जी के निर्देश' पर आधारित है। यह स्पष्ट किया गया है कि शीर्ष नेतृत्व की स्वीकृति के बिना किसी को भी पार्टी में शामिल नहीं किया जा सकता। अगर कोई पार्टी में शामिल होता भी है, तो पार्टी को कई बातों की जानकारी देनी होगी। इनमें समय, स्थान, पार्टी में शामिल होने वाले का नाम, वह किस पार्टी से है, उस पार्टी में उसका क्या पद था, आदि शामिल हैं।

## जादवपुर छात्रा मौत मामले की जाँच में लालबाजार की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की एंट्री



**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय की छात्रा की रहस्यमयी मौत के मामले में अब हत्या का केस दर्ज होने के बाद लालबाजार की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट सीधे जाँच में उतर आई है। मंगलवार सुबह जांच टीम विश्वविद्यालय कैंपस पहुँची और घटना से जुड़े सुराग तलाशने लगी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को विश्वविद्यालय परिसर की सीसीटीवी फुटेज मिल चुकी है। हालाँकि जिस जगह से छात्रा का शव बरामद हुआ था, वहाँ सीसीटीवी कैमरा न होने के कारण जाँच की दिशा और भी जटिल हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को कैंपस के कई हिस्सों का निरीक्षण किया और छात्रों-शिक्षकों से भी प्रारंभिक जानकारी जुटाई। अब यह देखना होगा कि सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ से जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है।

### जेयू परिसर में सुरक्षा इंतज़ाम सख्त, तालाबों की होगी घेराबंदी और लगेगी अतिरिक्त रोशनी

जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) प्रशासन ने परिसर की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय के सभी तालाबों के चारों ओर घेराबंदी की जाएगी और पूरे क्षेत्र में बेहतर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। यह निर्णय 11 सितंबर की रात हुई उस दुखद घटना के बाद लिया गया है, जब आर्ट्स फैकल्टी स्टूडेंट्स यूनियन के नाट्य मंच द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 21 वर्षीय छात्रा अनामिका मंडल तालाब में डूब गई थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रात करीब 10:30 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद छात्रों और अभिभावकों ने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा की खामियों पर गंभीर सवाल उठाए। बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी किसी भी त्रासदी को रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

### खड़दह में तालाब से मिला लापता छात्र का शव



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के रहड़ा थाना अंतर्गत खड़दह के पानशिला इलाके में तालाब से मंगलवार को सातवीं कक्षा के एक छात्र का शव तैरता हुआ मिला। मृतक का पहचान आबिर दास (14) के रूप में की गई है। बताया गया है कि कल्याण नगर स्कूल का छात्र सोमवार की रात से लापता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि लड़का दुर्घटनावश अपने घर के पास स्थित जलाशय में गिर गया और डूब गया। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### लुईस फिलीप ने दुर्गा पूजा पर लॉन्च की 'पुजो '25 कलेक्शन'

**कोलकाता :** लुईस फिलीप ने दुर्गा पूजा के अवसर परअपनी नई पुजो '25 कलेक्शन लॉन्च की है। ब्रांड ने इस कलेक्शन को लॉन्च करने केलिए अभिनेता परमब्रता चटर्जी के साथ साझेदारी की है। यह कलेक्शन आधुनिक जेंटलमैनके लिए परंपरा और स्टाइल का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करता है।लॉन्च पर बोलते हुएलुईस फिलीपकी मुख्य परिचालन अधिकारीफरीदा कलियादनने कहा,पूजा का समय परंपरा और आधुनिक उत्सव का संगम होता है, और हमारा नया कलेक्शन इसीसंतुलन को परिभाषित करता है। अपनेपसंदीदा लुक को साझा करते हुएपरमब्रता चटर्जी ने कहा, दुर्गा पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हर बंगाली के लिए एक भावना है। लुईस फिलीप का यहकलेक्शन इस भावना को खूबसूरती से पेश करता है।

### परिवार मिलन त्रयोदश काव्य-वीणा सम्मान समारोह सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** परिवार मिलन द्वारा परिकल्पित त्रयोदश काव्य वीणा सम्मान रविवार को संस्था की मार्गदर्शक वयोवृद्ध विदुषी रविप्रभा बर्मन के महनीय सान्निध्य में प्रभावशाली छंद लालित्य व शब्द माधुर्य से सुसज्जित महाकाव्य 'देवयानी' की रचयिता डॉ. मधु चतुर्वेदी (गजरौला, उ.प्र.) को निवेदित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष लब्ध प्रतिष्ठित ओजस्वी कवि डॉ. राहुल अवस्थी, विशिष्ट अतिथि डॉ. वसुमति डागा, संस्था के ट्रस्टी महाबीर प्रसाद मणक्सिया व डॉ. मधु चतुर्वेदी ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विनीता मनोत ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। आशाराज कानूनगो, सुशीला कंदोई व सुनीता कंदोई ने अतिथियों का अभिनन्दन किया। गौरीशंकर अग्रवाल, गिरधर राय, विजय झुनझ-ुनवाला, मृदुला कोठारी, चित्रा नेवटिया, सुरेश चौधरी, प्रदीप ड्रोलिया, ताराचंद मनोत व अन्य साहित्य प्रेमियों नें कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दुर्गा व्यास ने कार्यक्रम का कुशल व रोचक संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजू गुप्ता, हर्षबर्धन टांटिया, राजेश रूंगटा, अजीत बच्छावत का सक्रिय सहयोग रहा।

## संतोषपुर रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग, कई दुकानें जलकर खाक

**कोलकाता, समाज्ञा**



दक्षिण 24 परगना जिले के संतोषपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे एक नंबर प्लेटफ़ॉर्म से अचानक आग की लपटें उठते देख यात्री आतंकित हो उठे। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी। इस घटना के चलते सियालदह-दक्षिण सेक्शन की बजबज शाखा में ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल को खबर दी गई। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि दमकल की गाड़ियां देर से पहुंचीं। तब तक प्लेटफ़ॉर्म पर मौजूद कई छोटे-छोटे दुकानें राख हो गईं। युद्धस्तर पर आग बुझाने का काम शुरू हुआ। रेल सूत्रों के अनुसार, एक नंबर प्लेटफ़ॉर्म पर ज़्यादातर दुकानें कपड़े, चाय और छोटे-मोटे सामानों की थीं, जो तिरपाल से बने अस्थायी ढांचों में लगाई गई थीं। पूजा के पहले ही व्यापारी नई सामग्री लेकर आए थे, लेकिन सुबह-सुबह लगी इस आग ने अधिकांश दुकानें पूरी तरह जला दीं हैं। दमकल विभाग की प्रारंभिक आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। फिलहाल, नुकसान का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पूरी स्थिति के लिए रेलवे की लापरवाही को ज़िम्मेदार ठहराया है।

### आरपीएफ ईस्ट जोन ने सीएपीएफ डिबेट प्रतियोगिता में पहला स्थान किया हासिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्ट जोन के आरपीएफ की टीम ने 15 सितंबर को मानवाधिकार विषयक सीएपीएफ ईस्ट जोन डिबेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता एफटीआर मुख्यालय, साउथ बंगाल के तत्वावधान में 74 बटालियन/बीएसएफ, डिग्बेरिया, बदु रोड, मध्यमग्राम, कोलकाता में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में आरपीएफ ईस्ट जोन टीम के साथ असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और एसएसबी की टीमें भी शामिल हुईं। विशेष रूप से, सतिंदर राय, आईपीएफ/मालदह और रुपेश कुमार झा, एसआईपीएफ/सियालदह, ईस्टर्न रेलवे ने हिंदी भाषा श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया। पूर्वोत्तर रेलवे के इंस्पेक्टर जनरल-क्यूम-पीसीएससी ने उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की और इस प्रतिष्ठित डिबेट प्रतियोगिता में प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए टीम को बधाई दी।

## मलाबार ग्रुप ने शुरू किया 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' प्रोजेक्ट

**कोलकाता :** मलाबार ग्रुप ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर एक नया सीएसआर प्रोजेक्ट 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद शहरों की गरीब बस्तियों में रहने वाली मांओं और बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं देना है. साथ ही इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना भी है। 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' प्रोजेक्ट मलाबार ग्रुप के 'हंगर फ्री वर्ल्ड' प्रोग्राम का विस्तार है। इसके लिए मलाबार ग्रुप के कोझिकोड, कुट्टिकट्टूर स्थित मुख्यालय में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ इंडिया के प्रतिनिधि डॉ रोडेरिको एच ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ के नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर डॉ बी मुहम्मद अशील, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार ग्रुप के सीनियर डायरेक्टर्स और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने इस मौके पर कहा, नर्चरिंग बीगिनिंग्स हमारे लिए बहुत खास प्रोजेक्ट है, जो हमारे 'हंगर फ्री वर्ल्ड' प्रोग्राम को और मजबूत करता है। डब्ल्यूएचओ इंडिया के प्रतिनिधि डॉ. रोडेरिको एच ओफ्रिन ने कहा, ''हम मलाबार ग्रुप को इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए बधाई देते हैं, जो अगली पीढ़ी को स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### वीवो ने लॉन्च की नई वाई31 सीरीज़

**कोलकाता :** ग्लोबल इनोवेटिव स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारत में अपनी नई वाई31 सीरीज़ लॉन्च की है, जिसमें शामिल हैं वीवो वाई31 और वीवो वाई31 प्रो। ये सीरीज़ खासतौर पर आज के यूज़र्स के लिए बनाई गई है, जो स्टाइल, स्ट्रॉन्ग परफॉर्मेंस और मज़बूत टिकाऊपन चाहते हैं। पावरफुल प्रोसेसर, एडवांस फीचर्स और इंडस्ट्री-लीडिंग मजबूती के साथ वाई31 सीरीज़ हर दिन के इस्तेमाल और एंटरटेनमेंट के लिए भरोसेमंद है। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीतज चन्नाना ने कहा, वाई सीरीज़ हमेशा से वीवो के उस विज़न का हिस्सा रही है जिसमें असली कंज़्यूमर की ज़रूरतों के हिसाब से भरोसेमंद इनोवेशन दिया जाता है।

## एएआई ईस्टर्न रीजन के सभी हवाई अड्डे आज यात्री सेवा दिवस मनाएंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ईस्टर्न रीजन के सभी हवाई अड्डे 17 सितंबर यानी आज यात्री सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर यात्रियों के प्रति अपनी विशेष प्रतिबद्धता और सेव-ाओं को समर्पित करते हुए हवाई अड्डों पर कई यात्री-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ईस्टर्न रीजन की क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक निवेदिता दुबे ने बताया कि यात्री सेवा दिवस के अवसर पर हवाई अड्डों पर यात्रियों का स्वागत पारंपरिक अभिवादन के साथ किया जाएगा। इसके अलावा विशेष हेल्प डेस्क लगाए जाएंगे और यात्रियों एवं उनके परिवारों के लिए वृक्षारोपण अभियान, लोकनृत्य प्रस्तुतियां, बच्चों के लिए चित्रकला और प्रश्न-ोत्तरी प्रतियोगिताएं, एयरपोर्ट ब्रांडिंग के साथ फोटो बूथ, रक्तदान शिविर और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कियोस्क जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके साथ ही स्कूलों का भ्रमण कर विद्यार्थियों को एविएशन क्षेत्र में करियर अवसरों से अवगत कराया जाएगा। श्रीमती दुबे ने हाल ही में बिहार के पूर्णिया हवाई अड्डे के उद्घाटन का भी उल्लेख किया, जिसे प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित किया गया। उन्होंने इसे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में एएआई की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## भाजपा नेता की हत्या मामले में फरार आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुइपुर में भाजपा नेता की हत्या मामले में मुख्य आरोपियों में से एक अमित मंडल को आखिरकार कर लिया गया। पुलिस ने उसे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। इसके बाद, बारुइपुर पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि इस घटना का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। बता दें कि जिस व्यक्ति की हत्या हुई, उसका नाम राजीव बिस्वास था, वह भाजपा का बूथ अध्यक्ष था। उसे पहले उसके ही पिता, भाई और दो तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर मार डाला और फिर ज़िंदा जला दिया। पुलिस का कहना है कि परिवार में



कुछ विवाद था और उसी के चलते यह घटना हुई। इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इस घटना पर भाजपा ने आरोप लगाया था कि हत्या के बाद, पूरी घटना को छिपाने के लिए राजीव का शव घर पर ही छोड़ दिया गया और पुलिस ने इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन पुलिस ने इस आरोप का सीधा खंडन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ तौर पर कहा गया कि मामले की जांच शुरू से ही चल रही थी और इसी सिलसिले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार भी किया जा सका।

बारुइपुर एसडीपीओ अभिषेक रंजन ने बताया कि अमित मंडल मृत भाजपा नेता के भाई के दोस्तों में से था। घटना के बाद वह ट्रेन से मुंबई भाग गया था। वहां उसके कुछ दोस्त थे। सूचना मिलने के बाद एक टीम भेजी गई और उसे वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मृत राजीव विश्वास के पिता निताई विश्वास और उसके छोटे बेटे संदीप विश्वास को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### मेट्रो स्टेशन पर अचानक तबीयत बिगड़ने से यात्री की मौत

**हावड़ा :** हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार की सुबह एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्वजीत पकराशी (51) के रूप में हुई है, जो राज्य सरकार के कर्मचारी बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, विश्वजीत त्रिबेणी से लोकल ट्रेन द्वारा हावड़ा स्टेशन पहुंचे थे और वहां से मेट्रो द्वारा विद्युत भवन जा रहे थे। इसी दौरान मेट्रो स्टेशन के लिफ्ट के पास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद यात्री और मेट्रो सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत स्थिति पर ध्यान दिया। उनके सहकर्मी संजय चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि मेट्रो प्राधिकरण ने प्रारंभिक स्तर पर कोई त्वरित कदम नहीं उठाया। करीब 45 मिनट बाद उन्हें एक निजी वाहन से हावड़ा जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि, मेट्रो प्राधिकरण ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि यात्री को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजा गया और किसी तरह की ला-परवाही नहीं बरती गई।

### श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय (छात्र विभाग) में हिंदी दिवस हर्षोल्लास और गरिमा संग संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय (छात्र विभाग) में 15 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें हिंदी भाषा के महत्व और राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें कविता पाठ, हिंदी भाषण प्रतियोगिता और हिंदी दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी शामिल थीं। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली कविताएं, प्रेरक भाषण और उत्साहजनक भागीदारी से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में हिंदी का अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी विद्यार्थी हिंदी का सम्मान करेंगे और उसके प्रचार-प्रसार में योगदान देंगे। समारोह अत्यंत सफल रहा और इसने छात्रों में हिंदी के प्रति प्रेम और गर्व की भावना को और गहरा किया।

## कथा सुनो, करो जीव का कल्याण : आचार्य श्रीकांत शास्त्री

**कोलकाता :** जीवन और चेहरे पर सत्संग का प्रभाव दिखना चाहिए।सत्संग ही ईश्वर से जोड़ता है। बहुत लोग पूजा करने से जी चुराते हैं। भगवान की मूर्ति के सामने बैठने से सकारात्मक दृष्टि मिलती है। संत सत्संग का सार है। जीवन में कोई संत आए तो वह ईश्वर से मिला देते हैं, जैसे नारद मुनि ने ध्रुव को प्रभु से मिलाया। मां सुनीति ने जब ध्रुव ने पूछा कि गोविन्द की गोद कैसे मिलेगी? मां ने कहा कि जंगल में जाओ, गोविन्द को खोजो-पुकारो, मिल जाएंगे। ध्रुवजी वन को गये, प्रभु को पुकारने लगे। उनकी पुकार सुनकर संत नारद मुनि आए, ध्रुव के हृदय को स्पर्शकर मंदिर बनाएं, उसमें माधव कृष्ण को स्थापित कर दिए। ध्रुव को नारद ने भगवान को पाने के लिए मंत्र और साधना बताएं।ध्रवजी ने गुरु नारद की बताई साधना के माध्यम से गोविन्द का दर्शन किया। गुरु की बताई साधना सिद्धि को देती है। ध्रुव चरित्र से हमें यही शिक्षा मिलती है कि जीवन की वेदना और ठोकरों से घबराना नहीं चाहिए अपितु भगवान से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। जो साधना करता है , उसके पास भगवान स्वयं चलकर आते हैं। जो भगवान से जुड़ते हैं, वे महान बन जाते हैं। भगवान की कथा सुनो और जीव का कल्याण करो। ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं। उन्होंने कहा कि कुछ पाना चाहते हो तो सत्य का संग करो, धर्म को अपना मित्र और



व्यासपीठ की आरती करते कुंज बिहारी अग्रवाल,सिद्धार्थ दीवान व अन्य

अनुशासन को परामर्शदाता बनाओ। मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। कथा को सफल बनाने में राजेन्द्र प्रसाद बुबना, बृजमोहन गाड़ोदिया, प्रेमचंद ढांढनिया, बालकिसन नेवटिया अरुण केडिया, राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर कुंज बिहारी अग्रवाल, राजेश मित्तल, पवन माधोगढ़िया, शकुंतला दीवान, अंबिका बाजोरिया, अनीता बुबना, रेखा केडिया, संगीता चूड़ीवाल, जगमोहन बागला, विनोद केडिया, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, जयभगवान सांवरिया, सुभाष बालासरिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

### मल्लिक घाट फूल बाजार में अवैध वसूली व पार्किंग पर रोक की मांग, मेयर को सौंपा गया ज्ञापन



**कोलकाता :** एशिया के सबसे बड़े फूल बाजार मल्लिक घाट और आसपास के क्षेत्रों में अवैध वसूली, मजदूरों का शोषण और अवैध पार्किंग की समस्या को लेकर मंगलवार को जोड़ासांको जनता सोशल वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि दल ने कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह रोप लगाया गया कि रात के समय असामाजिक तत्व मजदूरों से जबरन वसूली करते हैं और इलाका नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। इसके अलावा रेलवे ट्रैक के किनारे बनी अवैध झोपड़ियों को हटाकर वहां रहने वालों के लिए सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने की मांग भी की गई। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो शहर की छवि देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों के बीच खराब होगी। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील की। इसके अलावा प्रतिनिधियों ने मांग की कि कोलकाता शहर के प्रवेश द्वार पर स्वामी विवेकानंद, पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, बाला साहब ठाकरे, विनय-बादल-दिनेश और अब्दुल कलाम आजाद जैसे महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाई जाएं। साथ ही फूल बाजार और आसपास के इलाके में अवैध पार्किंग पर रोक लगाई जाए।

## जादवपुर विश्वविद्यालय और केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल की पहल: आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टडीज इन कल्चरल डायवर्सिटी एंड वेलबीइंग और केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल, इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड ओपीडी क्लीनिक्स के संयुक्त तत्व-ावधान में आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था - मीडिया: आत्महत्या रोकने में सहायक या बाधक? यह आयोजन विश्व आत्महत्या रोकथाम माह के अवसर पर हुआ, जिसमें देशभर से चिकित्सक, शिक्षाविद, पत्रकार, फिल्मकार और मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल की संस्थापक एवं मनोचिकित्सक डॉ. मीनु बुधिया ने अपने मुख्य वक्तव्य में अवसाद और आत्मघाती विचारों से जूझने के



**जादवपुर विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टडीज़ इन कल्चरल डायवर्सिटी एंड वेलबीइंग के संयुक्त समन्वयक प्रो. मणोजित मंडल और प्रो. मुक्तिपद सिन्हा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव बगई, जादवपुर विश्वविद्यालय के प्र-उपकुलपति प्रो. अमिताभ दत्ता और केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल की संस्थापक एवं मनोचिकित्सक डॉ. मीनू बुधिया, मीडिया: आत्महत्या रोकने में सहायक या बाधक? विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे।**

अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, मैं भी कभी अंधकार में डूब चुकी थी, लेकिन सही उपचार से वापस लौटी और आज दूसरों को मदद देने की स्थिति में हूं। आत्महत्या रोकथाम सिर्फ एक दिन या माह का विषय नहीं, यह रोजाना की चर्चा होनी चाहिए।

जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रो. मुक्तिपद सिन्हा ने विषय की तात्कालिकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, आत्महत्या केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक घाव है। डिजिटल युग के छात्रों पर मीडिया का गहरा असर है। मीडिया को आशा और उपचार का माध्यम बनना चाहिए। प्रो. मणोजित मंडल ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या गहराई से जुड़े हैं और शिक्षकों को छात्रों की पहली मददगार बनना होगा। जादवपुर युनिवर्सिटी के प्रो-उपकुलपति प्रो. अमिताभ दत्ता ने कहा कि छात्रों में अकेलेपन की समस्या बढ़ रही है और इसके लिए विश्वविद्यालय ने काउंसलिंग सेंटर और मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। पद्मश्री से सम्मानित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव बगई ने कहा, कि शारीरिक और पर्यावरणीय कारक मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करते हैं और भारत में 14% लोग किसी न किसी मानसिक विकार से जूझ रहे हैं। इस संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुतियां, व्याख्यान और पैनल चर्चाएं हुईं। पत्रकार जयंत घोषाल, मीडिया प्रोफेशनल बिस्व मजूमदार, फिल्मकार कौशिक गांगुली और अभिनेत्री ऋताभरी चक्रवर्ती ने मीडिया और सिनेमा की सामाजिक जिम्मेदारी पर विचार साझा किए।

इस सहयोग ने यह संदेश दिया कि आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता, अनुसंधान और ठोस कदम उठाना समय की मांग है।

## भारतीय रेलवे ने स्टाफ ट्रेनिंग सुधारने के लिए पहला प्रिंसिपल्स कॉन्फ्रेंस किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने अपने प्रशिक्षण तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स के प्रथम प्रिंसिपल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन ट्रैफिक डायरेक्टरेट के मार्गदर्शन में किया। इस सम्मेलन में देश भर के सभी 14 एमडीजेडटीआई के प्रमुख उप-स्थित हुए, जो नए कर्मचारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण और नियमित फील्ड स्टाफ के लिए रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से क्षमता निर्माण का मुख्य केंद्र हैं। सम्मेलन में प्रशिक्षण पद्धतियों को आधुनिक, तकनीक-संचालित, इंटरैक्टिव और सुरक्षा-केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया। मानव कारकों, वास्तविक केस स्टडीज और उन्नत सिमुलेशन टूल्स के उपयोग के माध्यम से प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया



कि इससे न केवल सीखने की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि फील्ड स्टाफ आपात स्थितियों को अधिक आत्मविश्वास और दक्षता के साथ संभाल पाएगा।

सम्मेलन में प्रशिक्षुओं से नियमित फीडबैक लेने, प्रशिक्षण वीडियो के लिए साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने और समग्र ट्रेनिंग प्रणाली में नवाचार लाने जैसे महत्वपूर्ण कदमों पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान प्रिंसिपल्स ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन अकादमी का अध्ययन दौरा किया, जिससे उन्हें मेट्रो सिस्टम में सिमुलेटर और तकनीकी प्रशिक्षण के आधुनिक तरीकों का अनुभव हुआ। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह सम्मेलन संस्थागत सहयोग और प्रशिक्षण सुधार में मील का पत्थर है। भविष्य में इससे भारतीय रेलवे में मानकीकृत, तकनीक-संचालित और सुरक्षा-केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने में मदद मिलेगी।

# पूजा से पहले नवग्राम में सड़कें बदहाल, लोगों में आक्रोश

❑ **पंचायत प्रमुख ने कहा... 'किसी दूसरी सड़क से घूमकर जाएं'**

**हुगली, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा की आहट के बीच हुगली जिले के कोन्नगर के नवग्राम ग्राम पंचायत इलाके के लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके की सड़कें और नालियां पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। थोड़ी सी बारिश होते ही इलाके में जलजमाव हो जाता है और लोगों को घुटनों तक पानी में चलना पड़ता है। लोगों ने पंचायत प्रधान को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।



पंचायत प्रमुख सोमा दास ने साफ कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सड़क का काम पूरा होना संभव नहीं है। इतना ही नहीं, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे फिलहाल किसी दूसरी सड़क से घूमकर स्कूल जाएं। उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पंचायत प्रधान ने माना कि सड़कों की हालत बेहद ख़राब है और दुर्घटना का डर बना हुआ है। उनका कहना है कि इस साल बारिश बहुत ज़्यादा हुई, इसलिए काम बाधित हुआ है। कोशिश के बावजूद पूजा से पहले काम पूरा हो पाना मुश्किल है। उधर, विपक्ष ने पंचायत प्रधान पर ज़िम्मेदारी निभाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। भाजपा के श्रीरामपुर सांगठनिक जिला मीडिया प्रभारी जसवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि नवग्राम पंचायत लोगों से टैक्स लेने और वसूली में आगे है, लेकिन जनता को सेवा देने में सबसे पीछे। पहले कभी नवग्राम का इतना बुरा हाल नहीं हुआ।

### दुर्गा पूजा से पहले हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा लोकल ट्रेन सेवा हुई शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिविजन ने हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा व्यस्त मार्ग पर नई लोकल ट्रेन सेवा मंगलवार से शुरू की है। यह पहल बंगाल के भव्य पर्व दुर्गा पूजा से पहले यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने और इस महत्वपूर्ण उपनगरीय मार्ग पर दैनिक कनेक्टिविटी मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। नई व्यवस्था के अनुसार, ट्रेन संख्या 37355 हावड़ा-तारकेश्वर लोकल हावड़ा से सुबह 06:45 बजे प्रस्थान करेगी, जो यात्रियों को सुबह-सवेरे यात्रा का विकल्प देती है। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 37358 तारकेश्वर-हावड़ा लोकल सुबह 08:50 बजे तरकेश्वर से रवाना होगी, जिससे दैनिक यात्रियों और तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित होगी। यह पहल हावड़ा डिविजन के यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और यात्रा अनुभव सुधारने के सतत प्रयासों को दर्शाती है।

# जबरन चंदा वसूली हुई तो बंद कर दी जाएगी बस सेवा, बस मालिक संगठन की चेतावनी

**हुगली :** जबरन चंदा वसूली हुई तो बस सेवा पूरी तरह बंद कर दी जाएगी - ऐसा कड़ा संदेश दिया है हुगली इंटर रीजन एक्सप्रेस बस ओनर्स एसोसिएशन ने। दरअसल, बीते 12 अगस्त को आरामबाग स्थित रामकृष्ण सेतु में दरार आने के कारण, अब तारकेश्वर से गोघाट होकर बसें विभिन्न जिलों में अपनी सेवा दे रही हैं। लेकिन इस रास्ते में लंबा चक्कर लगने के कारण बस मालिकों को भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अगर दुर्गापूजा के मौके पर स्थानीय पूजा समितियां जबरन बसों से चंदा वसूलती हैं, तो संगठन ने स्पष्ट कर दिया है कि बस सेवा पूरी तरह बंद कर दी जाएगी।

हुगली इंटर रीजन एक्सप्रेस बस ओनर्स एसोसिएशन के सचिव गौतम धोले ने कहा कि जिले की 83 पूजा समितियों से विशेष अनुरोध किया गया है कि वे बसों से जबरन चंदा न लें।

संगठन के अध्यक्ष मिर्जा गुलाम



मुस्तफा ने बताया कि इस संबंध में पहले ही जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम घाटा सहकर गाड़ी चला सकते हैं, लेकिन जबरन चंदा नहीं देंगे। पूजा समितियों से आग्रह है कि वे इस प्रकार की वसूली न करें। यदि ऐसा किया गया, तो हम मजबूरी में बस सेवा बंद करने को बाध्य होंगे। फिलहाल तारकेश्वर से लगभग 350 से अधिक बसें विभिन्न जिलों में चलती हैं, जिनमें से करीब 150 बसें आरामबाग होते हुए अपने गंतव्य तक जाती हैं।

**विद्युत कार्य**

**निविदा सूचना सं.: DyCEE-PS-MLG-HQ-55R-25-26, दिनांक: 10-09-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** DyCEE-PS-MLG-HQ-55R-25-26। **कार्य का नाम:** गोशाला बाजार के निकट पार्किंग क्षेत्र के चौड़ीकरण तथा गोशाला गोल पार्क से गोटानगर पार्किंग तक परिसर की दीवार सहित मार्ग के प्रावधान से संबंधित विद्युत कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** ₹1,23,18,937/-। **धरोहर राशि:** ₹2,11,600/-। **ई-निविदा** 23-09-2025 को 15.00 बजे **बंद होगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**डीवाई. सीईई/पीएस/मालीगांव/एचक्यू**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एसएससी परीक्षा में 'नोया' विवाद पर सांसद कल्याण बनर्जी ने दी सफाई

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को एसएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में नोया (शादीशुदा महिलाओं के हाथ में पहना जाने वाला लोहे का कड़ा) को लेकर हुए विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि जिस युवती को परीक्षा केंद्र पर नोया उतारने के लिए कहा गया था, उसने शुरुआत में परीक्षा देने से मना कर दिया और केंद्र से बाहर चली गई थी, लेकिन बाद में वापस लौटकर परीक्षा दी। दरअसल, गत रविवार को एसएससी की कक्षा 11-12 के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा थी। केंद्र था कालना का हिंदू गर्ल्स हाई स्कूल। चेकिंग के दौरान युवती से कहा गया कि वह नोया उतार दें, क्योंकि परीक्षा हॉल में धातु की कोई वस्तु ले जाना नियमों के खिलाफ है। युवती ने मना कर दिया और कहा कि हाल ही में उसकी शादी हुई है, इसलिए वह किसी भी हाल में नोया नहीं उतारेगी। इसके बाद, वह परीक्षा केंद्र छोड़कर चली गईं। घटना सामने आते ही यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सांसद कल्याण बनर्जी ने लिखा कि मनीषा सिकदार, रोल नंबर 122252903057, की सीट 1400 नंबर केंद्र में थी। चेकिंग के समय उनके हाथ में धातु का कड़ा होने से मेटल डिटेक्टर बज उठा। पहले वह केंद्र से बाहर निकल गईं, लेकिन बाद में खुद लौटकर परीक्षा दी। सांसद का कहना है कि इस मुद्दे को 'योजनाबद्ध तरीके से तोड़-मरोड़कर' पेश किया गया और सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं।

## सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता अभियान-2025 के 47वें दिन पर चलाया विशेष सफाई कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता अभियान-2025 के 47वें दिन (16 सितंबर) पर अपने प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक सफाई और जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। यह अभियान पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग के नेतृत्व में चलाया गया, जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप यात्रियों, स्टाफ और स्थानीय समुदाय में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना है। कोलकाता टर्मिनल स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान के साथ यात्रियों से फीडबैक लिया गया, जबकि गोबरडांगा स्टेशन पर सफाई कार्यों के साथ विक्रेताओं, यात्रियों और स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नैहाटी स्टेशन में विशेष रूप से स्कूल के बच्चों को स्वच्छता अभियान के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। इसके अलावा, कांचरापाड़ा, दमदम जंक्शन, सोदपुर, बैरकपुर, राणाघाट, बारुइपुर और लक्ष्मीकांतपुर सहित अन्य स्टेशनों पर भी सफाई और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में रेलवे कर्मचारी, हाउसकीपिंग असिस्टेंट, विभिन्न विभागों के स्टाफ और यात्री सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एनसीसी एडीजी ने बैरकपुर में प्रशिक्षण शिविरों का लिया जायजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल, एसएम ने एनसीसी शिविरों के दौरान प्रशिक्षण देखने के लिए मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर स्थित नबाग्राम हीरालाल पाल कालेज का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि एडीजी ने आपदा प्रतिक्रिया पर एनडीआरएफ व्याख्यान-सह-प्रदर्शन की सराहना की और प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन के साथ बातचीत की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनके सहयोग की सराहना की। इस दौरान, कैडेटों द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। एडीजी ने इस अवसर पर कैडेटों के साथ बैठक भोजन भी किया और बातचीत में उनका उत्साहवर्धन किया। इस कदम ने कैडेटों की प्रेरणा को और बढ़ाया, जो एनसीसी, शिक्षा जगत और समुदाय के तालमेल को दर्शाता है। एडीजी ने कैडेटों से राष्ट्र निर्माण में अनुशासन, सेवा और लचीलापन बनाए रखने का आह्वान किया।

## राजभवन कोलकाता में ऑपरेशन सद्भावना के तहत राष्ट्रीय एकता यात्रा का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजभवन में मंगलवार को भारतीय सेना के ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल डॉ. आनंद बोस ने सीमावर्ती क्षेत्रों से आए युवाओं से बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं के दृष्टिकोण को व्यापक बनाना और उन्हें भारत की तकनीकी, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विकसित भारत की विविधता और प्रगति की झलक दिखाने पर विशेष जोर दिया गया। भारतीय सेना की यह पहल न केवल युवाओं को नई प्रेरणा देती है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और विकास की भावना को भी सशक्त बनाती है।

## अमेरिकन टूरिस्टर का नया कैंपेन 'एवरीवन्स इन' लॉन्च

**कोलकाता :** दुनिया के भरोसेमंद ट्रैवल गियर ब्रांड अमेरिकन टूरिस्टर ने अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नया कैंपेन 'एवरीवन्स इन' पेश किया। यह कैंपेन युवाओं की स्पॉन्टेनियस और इन्क्लूसिव ट्रैवलिंग स्पिरिट को सेलिब्रेट करता है। सोनी म्यूजिक के सहयोग से बना इसका ऑरिजिनल 2 मिनट का ट्रैक सिद्धांत और जोनिता गांधी ने गाया है, जिसमें अनन्या और सिद्धांत की जोड़ी स्टाइलिश विजुअल्स में नजर आती है। ब्रांड का कहना है कि यह पहल युवाओं को नई जगहों, नए दोस्तों और अनुभवों से जोड़ने का संदेश देती है। सोशल मीडिया पर भी एक्टिवेशन्स, इन्फ्लुएंसर कोलैब और इंस्टाग्राम कॉन्टेस्ट के ज़रिए फैंस को जोड़ने की योजना है। 'एवरीवन्स इन' के साथ अमेरिकन टूरिस्टर ट्रैवल, म्यूज़िक और फ्रेंडशिप को एक नई ऊर्जा और स्टाइल में पेश कर रहा है।

### स्टैग ने जोड़े चार नए चेहरे, 'लाइव इट लार्ज' को दी नई ऊर्जा

**कोलकाता/दुर्गापुर :** सीग्राम के रॉयल स्टैग ने सिद्धार्थ मल्होत्रा, बादशाह, नागा चैतन्य और गेमर पायल धरे को नए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में जोड़ा है। ये अब रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव के साथ ब्रांड की 'लाइव इट लार्ज' फिलॉसफी को नई ऊंचाई देंगे। क्रिकेट, सिनेमा, संगीत और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय ये नाम ब्रांड के जुनून, साहसिक सोच और बेबाक महत्वाकांक्षा को दर्शाते हैं। ब्रांड ने कहा कि यह पहल युवाओं को अपने जुनून को पहचानने, रूढ़ियों को तोड़ने और हर उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए प्रेरित करेगी। सिद्धार्थ, बादशाह, नागा और पायल ने भी इस सहयोग को लेकर अपनी खुशी जताई। रॉयल स्टैग का मानना है कि इन चार शक्तिशाली आवाज़ों के जुड़ने से वह युवाओं के और करीब आएगा और भारत की सांस्कृतिक बातचीत में अपनी पकड़ को और मजबूत करेगा।

## कूचबिहार में सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

**कूचबिहार :** जिले में मंगलवार के तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा चिलकिरहाट इलाके में हुआ, जहां एक छोटी चारपहिया गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गाड़ी चांदमारी से देवानहाट की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे। चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला किसी तरह बाहर निकलने में सफल रही और उसकी जान बच गई। मृतकों की पहचान धनंजय बर्मन, अमित दास, संजय दास और पार्थ दास के रूप में हुई है। मृतकों के शवों को पुलिस ने बरामद कर कूचबिहार एम. जे. एन. मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया वहीं पर चल रही है।

# विधायकों के दलबदल मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने हाई कोर्ट में जमा दिया लिखित बयान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में दलबदल विरोधी कानून को लेकर कानूनी लड़ाई एक बार फिर गरमा गई है।

कलकत्ता हाई कोर्ट में विधायकों के दलबदल मामले पर सुनवाई पूरी हो चुकी है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस बीच, राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने इस मुद्दे पर हाई कोर्ट में एक लिखित बयान जमा दिया है। उन्होंने ही मुख्य रूप से कई भाजपा विधायकों द्वारा दलबदल करने के बाद विधानसभा में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किए जाने पर सवाल उठाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उल्लेखनीय है कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद से, लगभग आठ से नौ भाजपा विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसके बाद, भाजपा विधायक दल ने विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी के समक्ष उनके विधायक पद खारिज करने के लिए याचिका दायर की थी। स्पीकर से न्याय नहीं मिलने पर भाजपा ने इस मामले को अदालत में ले गया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ में पिछले सप्ताह मामले की सुनवाई पूरी हुई।

हालांकि, अदालत ने फिलहाल फैसले की घोषणा स्थगित कर दी है। इस बीच, न्यायाधीशों ने लिखित बयान प्रस्तुत करने की अनुमति दी। उस आदेश के बाद, शुभेंदु ने सोमवार को हाई कोर्ट जाकर अपना लिखित बयान जमा किया है।

## मेट्रो रेलवे में राजभाषा सप्ताह - 2025 का शुभारंभ एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे में 15 सितंबर को 'राजभाषा सप्ताह-2025' की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसका शुभारंभ अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह विशेष आयोजन 15 से 22 सितंबर तक चलेगा, जिसमें कर्मचारियों और अधिकारियों को हिंदी भाषा से जोड़ने के लिए प्रश्नमंच, टंकण और कहानी लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष जैन ने 'हिंदी दिवस-2025' पर रेलमंत्री द्वारा जारी संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें 29 अगस्त 2025 को संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण बैठक में दिए गए निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार ने विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया। अंत में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## जैन समाज की एकता प्रदर्शित करेगा कोलकाता में होने वाला भव्य क्षमापना दिवस समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** समस्त जैन समाज एवं जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीटो) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 सितंबर प्रातः 9:30 बजे नेताजी इंडोर स्टेडियम, कोलकाता में भव्य क्षमापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम 'णमोकार मंत्र' की पुनरावृत्ति को समर्पित होगा। आयोजन जैन समाज की एकता का प्रतीक बनेगा तथा इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत-साध्वीजन अपनी प्रेरणादायी वाणी से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। भवानीपुर मुनी सुबरतो भगवान मंदिर में मंगलवार को आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर महाराज जी के सान्निध्य में जैन समाज के वरिष्ठ श्रावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम की सफलता हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र जैन, निर्मल बिंदायका, दिनेश गंगवाल, प्रदीप पटुआ, अनीता गंगवाल, संदीप गंगवाल, बिनोद काला, महेंद्र पंड्या, मनोज कसलीवाल, सुनील पहारिया, भागचंद पहारिया, राजेंद्र गंगवाल, पवन मोदी, संजय ज्योति काला, महावीर सरावगी एवं संजय इस्पात उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी दिनेश जैन गंगवाल ने दी।

# पूर्व रेलवे ने 128वीं जेडआरयूसीसी बैठक का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की 128वीं जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (जेडआरयूसीसी) की बैठक मंगलवार को कोलकाता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने की। बैठक में लगभग 21 जेडआरयूसीसी सदस्य उपस्थित थे, जिनमें सांसद और विधायक सहित विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल थे। महाप्रबंधक श्री देउस्कर ने 2025-26 में रेलवे की उपलब्धियों का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोई बड़ा रेल हादसा नहीं हुआ, अगस्त तक 40 मिलियन टन माल लोड किया गया, मेल/एक्सप्रेस ट्रेन की समयनिष्ठा 83% और उपनगरीय सेवाओं की 89% रही। उन्होंने लंबी दूरी की ट्रेनों में 52 कोच स्थायी और 904 कोच अस्थायी रूप से बढ़ाए जाने, छह लंबी दूरी की ट्रेनों के रैक को एलएचबी कोच में बदलने, नई मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों की शुरुआत तथा ईएमयू सेवाओं में विस्तार का विवरण भी साझा किया। सांसद खलीलुर रहमान ने सियालदह-लालगोला सेक्शन में मेमू लोकल ट्रेन, धुलियांगंगा और सुजनिपाड़ा स्टेशनों पर रोड ओवर ब्रिज तथा दिल्ली के लिए नई ट्रेन की मांग की। विधायक लालन सिंह ने अमृत स्टेशन योजना के तहत



पीरपैंती और शिवनारायणपुर जैसे स्टेशनों के पुनर्विकास की सराहना की। अन्य सदस्यों ने एसी लोकल सेवा, पैंट्री कार वृद्धि, वंदे भारत और राजधानी एक्सप्रेस के स्टॉपेज, लिफ्ट/एस्केलेटर, मेल/एक्सप्रेस ट्रेन की आवृत्ति वृद्धि, और साहिबगंज में वॉशिंग पिट निर्माण जैसी विभिन्न मांगें रखीं। बैठक में शशांक शेखर गुहा को अगले स्तर के एनआरयूसीसी सदस्य के रूप में चुना गया। महाप्रबंधक ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुनने और विचार-विमर्श के बाद लागू करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का समापन वेद प्रकाश, डीजीएम (जी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## सुता फैक्ट्री में भीषण आग, पूरा कारखाना जलकर राख

**हुगली :** हुगली जिले के श्रीरामपुर के भट्टाचार्य गार्डेन इलाके के सरदार पाड़ा में स्थित एक पुराने सुता बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विश्वकर्मा पूजा की तैयारी को लेकर फैक्ट्री में सफाई का काम चल रहा था। उसी समय अचानक इलेक्ट्रिक तार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। शुरुआत में फैक्ट्री के कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। पूरे कारखाने में आग फैल गई। सूचना पाकर मौके पर दमकल की एक गाड़ी पहुँची और आग पर घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं। फायर फाइटर ने बतया कि जिस जगह यह कारखाना है वहां दमकल का बड़ा वाहन पहुंचना मुश्किल है। इसलिए आग बुझाने में काफी दिक्कत पेश आयी। पंप की मदद से स्थानीय तालाब से पानी लेकर आग पर नियंत्रण पाया गया। यह कारखना 6 दशक से भी अधिक पुराना आस पास बस्ती है और कारखाने तक पहुंचने का रास्ता सकरा है।

## कोलकाता मेट्रो में 15 सितंबर को 7.83 लाख से अधिक यात्रियों ने की यात्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो में 15 सितंबर को 7.83 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अधिकतर लोग सुविधाजनक और आरामदायक आवागमन के लिए मेट्रो को प्राथमिकता दे रहे हैं। ब्लू लाइन में 5.6 लाख से अधिक यात्री, ग्रीन लाइन में 2.04 लाख, पर्पल और ऑरेंज लाइन में क्रमशः 6,600 और 4,700 तथा येलो लाइन में लगभग 6,700 यात्रियों ने यात्रा की। पूरे दिन ब्लू लाइन की अधिकांश ट्रेन सेवाएं समयानुसार चलाई गईं, वहीं ग्रीन, येलो, ऑरेंज और पर्पल लाइनों की सेवाएं भी सुचारू और निर्धारित समयानुसार रही। यात्रियों से लंबी कतारों से बचने के लिए डिजिटल टिकटिंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट के जरिए टिकट लेने पर 5% बोनस या छूट मिलती है। पिछले 10 दिनों में 22,000 से अधिक स्मार्ट कार्ड बिक चुके हैं। यात्रियों को सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी गई। वर्तमान में ब्लू लाइन पर केवल 32 सेवाओं को महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर रिवर्स किया जा रहा है। मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों से पीक आवर्स में 5 मिनट और नॉन पीक आवर्स व छुट्टियों में 7 मिनट के अंतराल बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

## चलती ट्रेन में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**हुगली, समाज्ञा :** बारिश भरी रात में सोमवार को अप कांचनकन्या एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे के शौचालय में एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी ने मां और नवजात को अपनी देखरेख में ले लिया। हुगली के कामारकुंडु स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेल पुलिस अधिकारियों को जैसे ही खबर मिली, मां और बच्चे को स्ट्रेचर पर उठाकर पास के सिंगुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, फिलहाल मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। जीआरपी सूत्रों ने बताया कि सोमवार की रात 9.30 बजे के बाद हल्की बारिश हो रही थी। इस दौरान पुलिस अधिकारी कामारकुंडु स्टेशन पर खड़ी लोकल ट्रेन में जांच कर रहे थे। तभी, सूचना मिली कि अप कांचनकन्या एक्सप्रेस में एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। महिला के पति, नयन मोल्ला, ट्रेन के बाहर खड़े असहाय होकर मदद की गुहार लगा रहे थे। वे लेकटाउन इलाके के निवासी हैं। सूचना मिलते ही महिला पुलिस और पति की मौजूदगी में मां और बच्चे को सुरक्षित उतार लिया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एलआरडब्ल्यू4-मॉडुलरऑफिस 29-2025, दिनांक 13.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बीजीबी, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा **निविदा सं. एलआरडब्ल्यू4-मॉडुलर ऑफिस29-2025 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य** के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** शॉप सुपरवाइजरों के लिए मॉडुलर ऑफिस की आपूर्ति, निर्माण एवं आरंभ करना। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,31,91,156.34, **बयाना राशि:** रु. 2,16,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 04 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 13.09.2025 को 12.16 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.10.2025 को 13.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। MISC-207/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. : एसआरसी-सी-आईएनटी ओबीएचएस, दिनांक 15.09.25,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदाकारों से अनुरोध है कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ऑनलाइन के माध्यम से इसके लिए आवेदन करें। कोई ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। कृपया विवरण के लिए कागजात खंड में अपलोड किए गए निविदा कागजात को पढ़ें। **कार्य का नाम:** हावड़ा-पुरी और हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए 2 वर्ष की अवधि हेतु राउंड ट्रिप यात्रा और यंत्रचालित कोच सफाई के लिए एकीकृत ओबीएचएस। **निविदा मूल्य:** रु.5,33,43,327.93 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** रु. 4,16,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि:** 13.10.2025 को 12.00 बजे। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.10,000/-(अप्रतिदेय)। (PR-631)

**कोलकाता-आरा-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस के नंबर में परिवर्तन**

ट्रेनों की प्रकृति में परिवर्तन के कारण, **12359/12360 कोलकाता - आरा - कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस** का नंबर निम्नानुसार परिवर्तित किया जाएगा:

- **12359 कोलकाता - आरा गरीब रथ एक्सप्रेस** का नंबर बदलकर **13127** किया जाएगा जो यात्रा शुरू होने की तिथि **22.11.2025** से प्रभावी होगी।
- **12360 आरा - कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस** का नंबर बदलकर **13128** किया जाएगा जो यात्रा शुरू होने की तिथि **23.11.2025** से प्रभावी होगी।

इन ट्रेनों के अन्य विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स**

**ई-नीलामी कार्यक्रम**

विषयः **अक्टूबर 2025, नवंबर 2025 और दिसंबर 2025 माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम। उपरोक्त महीनों में निम्नलिखित ई-नीलामी तिथि को स्थगिति करने का प्रस्ताव है। क्रम संख्या; माह; नीलामी का प्रकार; दिनांक; समय निम्नानुसार हैं: (1); अक्टूबर, 2025; ई-नीलामी; 03/10/2025 (शुक्रवार), 13/10/2025 (सोमवार), 22/10/2025 (बुधवार); 10:00 बजे। (2); नवंबर, 2025; ई-नीलामी; 03/11/2025 (सोमवार), 10/11/2025 (सोमवार), 18/11/2025 (मंगलवार), 25/11/2025 (मंगलवार); 10:00 बजे। (3); दिसंबर, 2025; ई-नीलामी; 03/12/2025 (बुधवार), 11/12/2025 (गुरुवार), 19/12/2025 (सोमवार), 29/12/2025 (शुक्रवार); 10.:00 बजे।** उपर्युक्त तिथि को विभिन्न प्रकार के वाहनों, क्रेन, मशीनों (जैसे लेथ, ड्रिलिंग/मिलिंग/बोरिंग, ट्रांसफार्मर, रेक्टिफायर, लौह एवं अलौह स्क्रैप (जैसे तांबा, एल्युमीनियम आदि) की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु समय निर्धारण किया गया है। अलौह स्क्रैप केवल उन्हीं को बेचा जाएगा जो पर्यावरण एवं वन मंत्रालय/भारत सरकार/नई दिल्ली द्वारा पंजीकृत हैं। प्रत्येक फर्म के लिए एकमुश्त पंजीकरण शुल्क 10,000/- रुपये होगा (यदि क्रेता भारतीय रेलवे ई-नीलामी से बोली लगाने के लिए अपना पंजीकरण स्थायी रूप से वापस लेना चाहता है, तो यह वापसी योग्य होगा) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पीएफए/सीएलडब्ल्यू/चितरंजन के पक्ष में शपथ पत्र के साथ देय होगा। सामग्री की सूची ई-नीलामी तिथि से पहले आईआरईपीएस वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**PR5-205**

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन**

visit us on:www.facebook.com/clwrailways

**भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चक्र रेलवे ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

राज्य प्रशासन के अनुरोध के मद्देनजर, भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं के विसर्जन के सुविधार्थ चक्र रेलवे की नीचे उल्लेखित ट्रेन सेवाएं **दिनांक 18.09.2025 (गुरुवार) एवं 19.09.2025 (शुक्रवार) को** निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/परिवर्तित मार्ग पर चलेगी/निरस्त रहेगी: ● **कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः** (1) **30312** बारासात-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 16.34 बजे), (2) **30122** नैहाटी-बालीगंज जंक्शन लोकल टाला होकर (टाल में 16.14 बजे), (3) **30314** दत्तपुकुर-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 18.58 बजे)। ● **कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरूः** (1) **30331** माझेरहाट-हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में 18.25 बजे), (2) **30111** बालीगंज जंक्शन-बैरकपुर लोकल टाला होकर (टाला में 19.35 बजे), (3) **30313** माझेरहाट-बारासात लोकल टाला होकर (टाला में 20.47 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन एवं सियालदह (नॉर्थ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30154** नैहाटी-माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। ● **सियालदह (नॉर्थ) से यात्रा शुरूः 30123** माझेरहाट-नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन कर कांकुरगाछी रोड-बालीगंज जंक्शन होकर माझेरहाट तकः 30332** हाबरा-माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 16.05 बजे (लगभग)]। ● **माझेरहाट से परिवर्तित मार्ग (कांकुरगाछी रोड) होकर चलेगीः 30353** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (माझेरहाट से 16.20 बजे) ● **माझेरहाट तक निर्धारित मार्ग पर चलेगी : 30152** नैहाटी-माझेरहाट लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (माझेरहाट में 18.05 बजे)। ● **परिवर्तित मार्ग बालीगंज जंक्शन होकर चलेगीः 30135** माझेरहाट-रानाघाट लोकल (माझेरहाट से 18.13 बजे)। ● **बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30711** लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (बालीगंज जंक्शन में 16.01 बजे)। ● **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू एवं बालीगंज जंक्शन-कांकुरगाछी रोड होकर चलेगीः 30317** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बालीगंज जंक्शन से 17.00 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन एवं बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30112** बैरकपुर-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 18.10 बजे)। ● **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरूः 30552** माझेरहाट-घुटियारी शरीफ लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (बालीगंज जंक्शन में 19.58 बजे)। ● **निरस्त रहने वाली ट्रेन सेवाएंः** (1) **30416** सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल माझेरहाट होकर (सियालदह से 17.14 बजे)। (2) **30451** बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 18.22 बजे)। **टिप्पणीः** एक सियालदह-बारुईपुर स्पेशल सियालदह से 19.10 बजे रवाना होगी तथा बालीगंज जंक्शन से 30451 बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल के मार्ग पर चलेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

# घनघोर बेइज्जती के बाद पाकिस्तान ने मारा यू-टर्न, नहीं करेगी एशिया कप का बॉयकॉट



**दुबई:** मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को न हटाने पर एशिया कप 2025 से हटने की धमकी के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अब इस मामले में यू-टर्न लेने का फैसला लिया है। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा रविवार को दुबई में हुए मुकाबले के बाद हाथ नहीं मिलने में मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को भूमिका बताते हुए आईसीसी से उनकी शिकायत की थी। आईसीसी ने इस पीसीबी की इस मांग को खारिज कर दिया। वहीं सोमवार को यूएई ने ओमान को हराकर ग्रुप ए से प्वॉइंट्स टेबल की रेस को दिलचस्प बना दिया है। भारत सुपर-4 में पहुंच चुका है और अब 17 सितंबर को यूएई और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम ग्रुप ए से सुपर-4 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनेगी। ऐसे में इस मैच का क्या पाकिस्तान बहिष्कार करेगा, इसको लेकर एनडीटीवी को सूत्रों ने जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया है कि पाकिस्तान इस मैच का बहिष्कार नहीं करेगा। टीम इस मुकाबले के लिए मंगलवार को करीब तीन घंटे जमकर पसीना बहाएगी। अगर पाकिस्तान यह मैच जीत जाता है तो वह सुपर-4 में पहुंच जाएगा और ऐसे में 21 सितंबर को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान का मैच देखने को मिल सकता है। लेकिन अगर यूएई जीती तो पाकिस्तान ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाएगा।

## आईसीसी ने एशिया कप से मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पीसीबी की मांग खारिज की

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पाकिस्तान की उस मांग को खारिज कर दिया जिसमें उसने एशिया कप के लिए अधिकारियों के पैनल से मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने को कहा था। हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कथित तौर पर टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी है लेकिन इससे देश को भारी वित्तीय नुकसान होगा। पीसीबी ने आईसीसी को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने रविवार को एशिया कप मैच में टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ नहीं मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'कल देर रात आईसीसी ने पीसीबी को जवाब भेजा था कि पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया जाएगा और उनकी याचिका खारिज कर दी गई है।' जिंबाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट बुधवार को यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में रैफरी होंगे। पाकिस्तान ने मंगलवार को यहां मैच से पहले होने वाली प्रेस कांफ्रेंस रद्द कर दी। टीम सूत्रों ने बताया कि ऐसा मैच से हटने की धमकी पर सवालों से बचने के लिए किया गया।

## यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी पाकिस्तान को

**दुबई:** अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान टीम के लिए बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ एशिया कप का ग्रुप-ए मैच करो या मरो जैसा होगा। पाकिस्तान ने अब तक दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और नेट रन रेट के आधार पर यूएई से थोड़ा आगे है। यहां चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा सकती है। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर कर दी थीं। यूएई के खिलाफ जीत हासिल करने पर पाकिस्तान सुपर-4 में जगह बना लेगा जबकि भारत पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक जड़कर मंधाना फिर बनी दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज

**दुबई:** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की नवीनतम वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। मंधाना ने मुल्लांपुर में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 63 गेंदों पर 58 रन बनाए, लेकिन उनका यह प्रयास टीम को जीत नहीं दिला पाया और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर 1-0 की बढ़त बना ली। वनडे में फिर से दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनने से मंधाना का 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। मंधाना के लिए यह अर्धशतक काफी था जिससे उन्हें सात रेटिंग अंक मिले और वह इंग्लैंड की दिग्गज खिलाड़ी नैट साइवर-ब्रंट से चार अंक आगे हो गईं, जो दूसरे स्थान पर खिसक गईं।

## सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती, शेट्टी हारे



**शेनझेन (चीन):** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युवा आयुष शेट्टी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 68 मिनट में 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। इस साल हांगकांग ओपन सहित छह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं के पहले दौर में हार का सामना करने वाली सिंधू अच्छी लय में नजर आईं और इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ ही समय में अच्छी बढ़त बना ली और पहला गेम 10 मिनट से थोड़े अधिक समय में जीत लिया।

## भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ रुपये का सौदा

**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 के बाहर निकलने के बाद मंगलवार को अपोलो टायर्स को ढाई साल की अवधि के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का नया जर्सी प्रायोजक बनाने की घोषणा की। सरकार द्वारा पेश किए गए नए कानून के तहत ड्रीम 11 सहित वास्तविक धनराशि वाले गेमिंग मंच पर प्रतिबंध लगाने के बाद बीसीसीआई के पास टीम की जर्सी के लिए कोई प्रायोजक नहीं था। भारतीय टीम वर्तमान में दुबई में एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा, 'बीसीसीआई आज भारतीय टीम के नए प्रमुख प्रायोजक के रूप में वैश्विक टायर उद्योग में अग्रणी अपोलो टायर्स के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा करता है।'' उन्होंने कहा, ''यह अपोलो टायर्स का भारतीय क्रिकेट से जुड़ा पहला करार है। यह देश के बेहद लोकप्रिय खेल के साथ जुड़ने का एक रणनीतिक कदम है।'' बीसीसीआई ने कहा, 'कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद हासिल की गई यह नयी साझेदारी, प्रायोजन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। यह भारतीय क्रिकेट की विशाल और बढ़ती व्यावसायिक अपील को दर्शाती है।' विश्वसनीय रूप से पता चला है कि यह सौदा मार्च 2028 तक चलेगा। सूत्रों के मुताबिक इस सौदे की कीमत 579 करोड़ रुपये है।

## दूसरा महिला वनडे: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

**मुलांपुर (पंजाब):** खराब फील्डिंग के कारण पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे बुधवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसने प्रतीका रावल, करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरीन देओल के अर्धशतकों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जो उसकी हार का कारण बना। भारतीय टीम इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी में जुटी है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में किसी भी विभाग में गलती का उसे बड़ा नुकसान पहुंचेगा।

## विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे



**तोक्यो:** भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।

## अभिषेक ने अंडर-16 पर तेज रफ्तार गेंदों का सामना किया है, उसकी पावर-हिटिंग नैसर्गिक है: पिता



**दुबई:** आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इन दिनों गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा रहे हैं, लेकिन उनके विस्फोटक स्ट्रोक्स के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत है, जिसमें 16 साल की उम्र में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी गई गेंदों का सामना करना भी शामिल है। अभिषेक के पिता राजकुमार ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि उनके बेटे का टी20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष बल्लेबाज का सफर तब शुरू हुआ था जब युवा अभिषेक उनकी किट के साथ बल्लेबाजी करने पर जोर देते थे और इसके लिए अपनी मां को परेशान करते थे। वह देर रात अभ्यास सत्र के लिए अपनी दो बहनों को भी साथ ले जाते थे। राजकुमार ने बीसीसीआई की ओर से जारी एक वीडियो 'द मेकिंग ऑफ अभिषेक शर्मा' में कहा, ''मेरे घर में क्रिकेट का माहौल था। जब वो बच्चा था तब मेरे बल्ले से खेला करता था। वो अपनी मां को परेशान करता था। मेरी दो बेटियां हैं और वो उनसे अभ्यास में मदद करने और रात में बल्लेबाजी कराने के लिए कहता था।'' उन्होंने कहा, ''कभी-कभी वो मुझसे कहता था कि मुझे डाइव लगाने के अभ्यास की जरूरत है, मुझे कैच दे दो। उसका जुनून देखकर मुझे लगा कि वह खिलाड़ी बन सकता है, फिर मैं उसे मैदान पर ले आया। सीनियर खिलाड़ी कहते थे, तुम्हारे बेटे में बहुत प्रतिभा है, वो भारत के लिए खेलेगा।' उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये मैच से पहले रिकॉर्ड इस वीडियो में कहा, ''मैं कहता था कि वो अभी बच्चा है, बस बल्ला पकड़ना सीखा है।



## भारत, अमेरिका में 'आउट ऑफ स्टॉक' हुआ कॉस्मिक ऑरेंज आईफोन प्रो मैक्स-17



**नयी दिल्ली:** कॉस्मिक ऑरेंज रंग वाले एप्पल के आईफोन प्रो मैक्स-17 की मांग में भारी उछाल आया है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका और भारत में कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर इस उपकरण को लेने के लिए बुकिंग शुरू होने के तीन दिन के भीतर ही 'यह आउट ऑफ स्टॉक' हो गया है। एप्पल इंडिया वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में पूरी आईफोन प्रो मैक्स श्रृंखला एप्पल स्टोर्स पर पिक-अप विकल्प के साथ पूर्व-ऑर्डर के साथ उपलब्ध नहीं है। कॉस्मिक ऑरेंज उपकरण भारत में आईफोन प्रो मैक्स और आईफोन प्रो श्रृंखला दोनों में स्टोर पर पिक-अप विकल्प के साथ प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध नहीं थे। एक एप्पल विशेषज्ञ ने कहा, 'मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में पहले से ऑर्डर मिलने के कारण, सभी कॉस्मिक ऑरेंज आईफोन 17 प्रो मैक्स बहुत तेजी से बिक रहे हैं, जिसके कारण ये किसी भी स्टोरेज संस्करण में उपलब्ध नहीं हैं।' अधिकारी ने बताया कि गहरे नीले रंग में यह उपकरण कुछ स्टोर पर उपलब्ध है। विशेषज्ञ ने कहा, 'मुझे असुविधा के लिए सचमुच खेद है, लेकिन बैक-एंड टीम जल्द से जल्द नारंगी रंग के उत्पाद फिर से उपलब्ध कराने की पूरी कोशिश कर रही है।'' इस बारे में एप्पल को भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं मिला। एप्पल ने आईफोन 17 श्रृंखला को 82,900 रुपये से 2,29,900 रुपये की कीमत में पेश किया है, जो भारत में 19 सितंबर से उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा जिन्होंने पहले से इसका ऑर्डर बुक कर लिया है।

# व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने को लेकर नई उम्मीद बंधने और अनुकूल वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में सुधार का रुख रहा।

## न्यूज अपडेट

### हरदीप पुरी ने जैव-ईंधन से वाहनों का इंजन खराब होने के दावों को 'बकवास' बताया



**नयी दिल्ली:** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जैव-ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों के इंजन को नुकसान होने संबंधी दावे को मंगलवार को 'बकवास' बताते हुए खारिज कर दिया। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण वाले पेट्रोल (ई-20) का वाहनों में इस्तेमाल पर्यावरण के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित है। पेट्रोलियम मंत्री ने केपीएमजी के वार्षिक ऊर्जा एवं संसाधन सम्मेलन 'एनरिच 2025' को संबोधित करते हुए कहा, जैव-ईंधन से इंजन खराब होने की जो कहानियां सुनते हैं, वे सब 'बीएस' हैं। यहां पर उनका इशारा बकवास के अंग्रेजी तंज की तरफ था। उन्होंने कहा कि गन्ने या अनाज से प्राप्त एथनॉल से बनाया जाने वाला ई-20 पेट्रोल देशभर के 90,000 से अधिक पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध है और वाहनों में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित है। कुछ वाहन चालकों और वाहन विनिर्माताओं ने पुराने वाहनों पर ई-20 पेट्रोल के असर को लेकर चिंताएं जताई थीं, लेकिन बाद में कहा गया कि वाहन इसके इस्तेमाल को लेकर सुरक्षित हैं।

### जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता : वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीपीआईआईटी ने कहा, 'अपने नेटवर्क के माध्यम से वे 'जीएसटी के कारण छूट' को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए - अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन (प्रिंट, टीवी और ऑनलाइन) के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए।' विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि इस त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री के आंकड़ों पर नजर रखी जाए और विभिन्न माध्यमों से इसकी जानकारी दी जाए। 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में बदलाव लागू होने पर साबुन से लेकर कार, शैंपू से लेकर ट्रैक्टर और एयर कंडीशनर तक, लगभग 400 उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। 22 सितंबर से, जीएसटी स्लैब संरचना बदल जाएगी। आम इस्तेमाल की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत और बाकी सभी उत्पादों पर 18 प्रतिशत कर लगेगा। 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा स्लैब को हटा दिया गया है।

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 : 23 सितंबर से 80% तक की छूट

**कोलकाता** : कोलकाता : अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025, 23 सितंबर से ऑनलाइन शुरू होगा। प्राइम सदस्यों को 24 घंटे पहले एक्सेस मिलेगा। घर, रसोई और बाहरी उत्पादों पर 80% तक की छूट मिलेगी, जबकि स्पोर्ट्स व फिटनेस गियर पर 70% तक और पेट्रोल/ईवी टू-व्हीलर्स पर 26,000 रुपये तक की बचत होगी। किचन अप्लायंसेज़ पर 45% और फर्नीचर व सजावट पर 60-80% तक की छूट उपलब्ध होगी। हीरो मोटोकॉर्प, फिलिप्स, गोदरेज जैसे शीर्ष ब्रांडों के उत्पाद आकर्षक दामों में मिलेंगे। ग्राहक मोबाइल ऐप व वेबसाइट दोनों पर इन डील्स का लाभ उठा सकेंगे। अमेज़न पे व प्रमुख बैंकों (एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी) के क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त छूट व नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ भी मिलेगा। यह ई-कॉमर्स सेल त्योहार सीज़न में ग्राहकों को घर बैठे शॉपिंग और बड़ी बचत करने का मौका दे रही है।

## व्यक्तिगत स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर कमीशन पर जीएसटी के लिए आईटीसी का लाभ नहीं मिलेगा



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि 22 सितम्बर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर कमीशन व ब्रोकरेज जैसे इनपुट पर चुकाए गये जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बीमा कंपनियां नहीं ले पाएंगी। जीएसटी परिषद ने हाल में व्यक्तिगत स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का फैसला किया था, जिससे अंतिम ग्राहकों को राहत मिलेगी। सीबीआईसी ने बताया कि पुनर्बीमा सेवाओं पर छूट जारी रहेगी लेकिन अन्य इनपुट सेवाओं पर कर कंपनियों के लिए लागत बन जाएगा। होटल, सौंदर्य व शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई क्षेत्रों के लिए भी बिना आईटीसी वाली पांच प्रतिशत दर लागू है और वहां इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा नहीं किया जा सकेगा। सीबीआईसी ने स्पष्ट किया कि जिन सेवाओं या वस्तुओं का उपयोग आंशिक रूप से बिना आईटीसी के कर योग्य आपूर्ति और आंशिक रूप से अन्य कर योग्य आपूर्ति के लिए किया जाता है, उनका क्रेडिट आनुपातिक रूप से 'रिवर्स' करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम अनुपालन को सरल बनाकर ग्राहकों को राहत देने के लिए है, लेकिन सेवा प्रदाताओं की लागत बढ़ सकती है।

## मिराए एसेट का फोकस: जेन जेड निवेशकों के लिए सरल और पारदर्शी म्यूचुअल फंड

**कोलकाता:** मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) कोलकाता में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान कंपनी ने भारत में अपनी 17 वर्षीय यात्रा, उपलब्धियों और खासकर जेन जेड (18-30 आयु वर्ग) के लिए निवेश के अवसरों पर चर्चा की।कंपनी ने बताया कि 2008 में पहला इक्विटी म्यूचुअल फंड लॉन्च करने के बाद 2018 में उसका एयूएम 20,000 करोड़ के पार पहुंच गया। 2025 तक मिराए एसेट देश की शीर्ष 10 फंड हाउस में शामिल हो गई है। कंपनी डिजिटल-फर्स्ट ऑनबोर्डिंग और एसआईपी के माध्यम से निवेश को और आसान बनाने पर जोर दे रही है।मिराए एसेट के मुताबिक, आज 48% म्यूचुअल फंड निवेशक 18-30 वर्ष के हैं और इनमें से 92% लोग एसआईपी के ज़रिए निवेश कर रहे हैं। खास बात यह है कि 81% युवा निवेशक टॉप-30 शहरों से बाहर के हैं। कंपनी का कहना है कि कम रकम (250) से भी एसआईपी शुरू की जा सकती है, जिससे लंबी अवधि में कंपाउंडिंग का लाभ मिलता है।कंपनी ने कहा कि कोलकाता के युवा सबसे बड़ा निवेश लाभ - समय - अपने साथ लाते हैं। मिराए एसेट का लक्ष्य है कि वह इन निवेशकों को सरल, पारदर्शी और लक्ष्य आधारित उत्पाद उपलब्ध कराए।बैठक में मिराए एसेट ने पश्चिम बंगाल में अपने विस्तार की रणनीति भी साझा की। कंपनी ने हाल ही में स्मॉल कैप फंड, इनकम प्लस आर्बिट्राज एक्टिव फंड-ऑफ-फंड और गोल्ड-सिल्वर पासिव फंड जैसे नवोन्मेषी उत्पाद लॉन्च किए हैं। मिराए एसेट की रणनीति स्थानीय जरूरतों को समझते हुए डिजिटल वितरण, नियंत्रित फंड प्रवाह और विविध उत्पाद पेशकशों पर आधारित है। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि पारंपरिक साधनों जैसे एफडी और सोने की तुलना में म्यूचुअल फंड दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने पहले वेतन से ही निवेश की आदत डालें और लंबे समय तक बने रहें।

## बीस वर्ष की सेवा के बाद वीआरएस लेने वाले कर्मचारी आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान के पात्र : सरकार

**नयी दिल्ली:** कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हाल ही में अधिसूचित नियमों के तहत, केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जो 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का विकल्प चुनते हैं, वे 'अनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान' के हकदार हैं। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दो सितंबर को आधिकारिक राजपत्र में केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का कार्यान्वयन) नियम, 2025 अधिसूचित किए हैं। ये नियम राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को विकल्प चुनने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में एकीकृत पेंशन योजना के तहत लाभ से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए हैं। ये नियम, अन्य बातों के साथ-साथ, यूपीएस ग्राहकों को 20 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के विकल्प प्रदान करते हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''एकीकृत पेंशन योजना के तहत पूर्ण सुनिश्चित भुगतान 25 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही उपलब्ध होता है। हालांकि, 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस विकल्प चुनने पर, अंशदाता को आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान देय होगा।''यह भुगतान सेवानिवृत्ति की तिथि से देय होगा। इसके अलावा, वीआरएस लेने के बाद लेकिन सुनिश्चित भुगतान शुरू होने से पहले कर्मी की मृत्यु होने की स्थिति में, कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी को पारिवारिक भुगतान दिया जाएगा।

## इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से कोपेनहेगन की सीधी उड़ान शुरू करेगी

**मुंबई:** घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा। एयरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि कोपेनहेगन एयरलाइन का 44वां अंतरराष्ट्रीय और कुल मिलाकर 138वां गंतव्य होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम: आठ करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त

**गुवाहाटी :** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ करोड़ रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बोकाजन उप-मंडल के अंतर्गत दिल्लाई में सभी जांच चौकियों पर सतर्कता बढ़ाई और एक ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने ट्रक में एक गुप्त डिब्बे के अंदर छिपाकर रखे गए 147.25 किलोग्राम गांजे से भरे 148 पैकेट जब्त किए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हरियाणा और राजस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत ने फाइलों की जांच जारी रखने के लिए 26 सितंबर की तारीख तय की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में फाइलों की जांच जारी रखने के लिए 26 सितंबर तक की तारीख तय की है। वशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने जांच अधिकारी (आईओ) को मामले की फाइलें लेकर पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने सोमवार को कहा कि एक आदेश के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'ईसीआईआर' (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) और सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर शिकायत की एक प्रति जमा कर दी है। अदालत ने इससे पहले मामले की अन्य फाइलों का भी निरीक्षण किया था। अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के आदेश को भी टाल दिया था, और मामले की फाइलों का और निरीक्षण करने की आवश्यकता बताई थी।

### जेके मैक्स पेंट्स का नया कैंपेन 'घर आने के बहाने' – रंगों से रिश्तों का जश्न

**कोलकाता :** जेके मैक्स पेंट्स ने नया कैंपेन 'घर आने के बहाने' लॉन्च किया, जिसमें जिमी शेरगिल और मिनिशा लांबा लंबे समय बाद साथ दिख रहे हैं। यह हास्यपूर्ण फिल्म दर्शाती है कि कैसे रंगीन दीवारें सिर्फ सुंदरता ही नहीं बल्कि बातचीत, उत्सुकता और आपसी जुड़ाव को बढ़ाती हैं। पड़ोसियों, इन्फ्लुएंसर्स और सोशल मीडिया रील्स के जरिए यह संदेश दिया गया है कि सही पेंट लोगों को भी करीब लाता है। नीतिश चोपड़ा और अमनदीप मल्हारी के अनुसार यह कैंपेन पेंट को सिर्फ फिनिशिंग नहीं बल्कि घर को यादगार पलों का कैनवास बनाने की सोच पेश करता है। ब्रांड की टैगलाइन 'खुशियों के रंग' से मेल खाता यह विज्ञापन टीवी, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव है।

# 'पुड़िया' बेचने वालों समेत विदेशों में बैठे नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब समय आ गया है कि विदेशों में बैठकर भारत में मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों को कानून के दायरे में लाया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के मादक पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पान की दुकानों या खोखों में मादक पदार्थ की पुड़िया (छोटे पैकेट) बेचकर तस्करी करने वाले मादक पदार्थ से जुड़े गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शाह ने कहा कि मादक पदार्थ




के खिलाफ लड़ाई में त्रिकोणीय रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने कहा, ''मादक पदार्थ की आपूर्ति शृंखला के प्रति हमें एक निर्मम दृष्टिकोण, मांग में कमी के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण और नुकसान कम करने के लिए एक मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। एएनटीएफ को इन तीनों दृष्टिकोणों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।'' स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को यहां शुरू हुआ। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस सपने को साकार करने के लिए देश को पूरी तरह सुरक्षित होना होगा। शाह ने कहा, ''मोदी सरकार देश से मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक एक ऐसे भारत के निर्माण का दृष्टिकोण रखा है जो हर पहलू में दुनिया का नंबर एक और पूर्ण विकसित देश होगा – एक ऐसा सुरक्षित राष्ट्र जिसे कोई भी भेद न सके। इसके लिए, हमारे युवा सबसे बड़ी उम्मीद हैं, और अगर वे दृढ़ निश्चयी हों, तो कुछ भी असंभव नहीं है, क्योंकि वे किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं।''

# भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और कहा कि अब अंतरिक्ष क्षेत्र और डिजिटल प्रौद्योगिकियों समेत नए क्षेत्रों में दोनों देशों का द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है। राष्ट्रपति भवन में रामगुलाम का स्वागत करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति, 'महासागर' दृष्टिकोण और 'ग्लोबल साउथ' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी व सहयोग हर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि हाल ही में संबंधों को 'संवर्धित रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने में परिलक्षित होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मॉरीशस सरकार की विकास से संबंधित प्राथमिकताओं का समर्थन



कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नया विशेष आर्थिक पैकेज मॉरीशस की सरकार और लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। मुर्मू ने कहा कि अस्पताल, सड़क, बंदरगाह विकास, रक्षा खरीद और संयुक्त निगरानी जैसी परियोजनाओं से बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और आने वाले वर्षों में लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब डिजिटल प्रौद्योगिकियों और अंतरिक्ष क्षेत्र समेत नए क्षेत्रों में भी द्विपक्षीय सहयोग बढ़ रहा है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच संबंध अद्वितीय हैं, जो हमारे साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों में निहित हैं।

## भारतीय राजदूत ने नेपाल के प्रधानमंत्री कार्की से मुलाकात की, मोदी का संदेश दिया

**काठमांडू :** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से यहां सिंह दरबार स्थित उनके कार्यालय में मंगलवार को मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का



बधाई संदेश दिया। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राजदूत श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अपने नेपाली समकक्ष को अंतरिम सरकार की नेता के रूप में उनकी नियुक्ति पर दिया गया बधाई संदेश दिया। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने ''दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और मैत्री के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्की रविवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। इसके साथ ही, भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर सरकारी प्रतिबंध को लेकर युवाओं के विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के पश्चात कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया। नयी सरकार को पांच मार्च, 2026 को नया चुनाव कराना है।

## मादक पदार्थों से लदे पाकिस्तानी ड्रोन भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा : एनसीबी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** पंजाब में पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान से भारत आने वाले मादक पदार्थों से लदे ड्रोन की घटनाओं में तेज़ वृद्धि हुई है, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के स्वापक निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार सीमा पार से ड्रोन के ज़रिये तस्करी पारंपरिक तरीकों की जगह ले रही है और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



पंजाब के सीमावर्ती जिलों अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और गुरदासपुर में ड्रोन देखे जाने और मादक पदार्थों की बरामदगी के मामले कई गुना बढ़कर 2024 में 179 हो गए, जबकि 2021 में केवल तीन मामले थे। इनमें मुख्य रूप से हेरोइन और अफ़ीम शामिल थीं। पिछले वर्ष सामने आए 179 मामलों में 163 पंजाब, 15 राजस्थान सीमा पर और एक जम्मू-कश्मीर में दर्ज किए गए। कुल बरामदगी लगभग 236 किलोग्राम रही। 2019-24 के बीच सिंथेटिक मादक पदार्थों की जब्ती छह गुना बढ़ी है। एनसीबी ने बताया कि एटीएस, एमडीएमए, मेफेड्रोन और मेथाक्वालोन जैसे सिंथेटिक मादक पदार्थों की जब्ती 2024 में बढ़कर 11,994 किलोग्राम हो गई, जो 2019 में केवल 1,890 किलोग्राम थी। समुद्री मार्गों से होने वाली तस्करी में भी भारी वृद्धि हुई और 2024 में यह 10,564 किलोग्राम तक पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में कोकीन की जब्ती 1,483 किलोग्राम रही, जो 2020 के मुकाबले 78 गुना और 2023 के मुकाबले करीब पांच गुना अधिक है।

## छात्र-वीजा पर रूस गये व्यक्ति को सेना में 'भर्ती' कर लिया गया : परिवार का दावा

**चंडीगढ़ :** पंजाब में मोगा जिले के एक गांव का 25 वर्षीय युवक पिछले वर्ष छात्र-वीजा पर रूस गया था जहां उसकी सेना में ''भर्ती'' हुई और उसे ''धोखे से'' रूस-यूक्रेन संघर्ष में धकेल दिया गया। इस युवक के परिवार ने यह दावा किया है। मोगा के चक कनियां कलां गांव के बूटा सिंह के परिवार का दावा है कि वह (बूटा सिंह) विशेषकर उत्तर भारत के उन लोगों में शामिल है, जिन्हें ''धोखे से'' रूस-यूक्रेन संघर्ष में धकेल दिया गया है। अब वे अपनी सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र से मदद मांग रहे हैं। मंगलवार को संपर्क करने पर बूटा सिंह की बहन करमजीत कौर ने फोन पर बताया कि उसका भाई एक ट्रैवल एजेंट के माध्यम से भाषा का कोर्स करने के लिए अक्टूबर 2024 में रूस गया था। उसने बताया कि एजेंट ने यह भी कहा था कि वह रूस में पार्ट-टाइम नौकरी करके कुछ पैसे कमा सकता है। कौर ने बताया कि रूस जाने के वास्ते पैसों का इंतजाम करने के लिए परिवार ने अपनी ज़मीन का एक टुकड़ा बेच दिया था। उसने बताया कि लगभग एक हफ़्ते पहले ही सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए कुछ वीडियो से परिवार को पता चला कि सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ फंस गया है और उसे यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए रूसी सेना में ''भर्ती'' कर लिया गया है।

## बीएमडब्ल्यू दुर्घटना: स्ट्रेचर पर लेटी पत्नी ने पति के शव से गले लगकर दी अंतिम विदाई

**नयी दिल्ली :** दक्षिण दिल्ली में बीएमडब्ल्यू कार से कुचलने के कारण जान गंवाने वाले नवजोत सिंह का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले कई 'फ्रैक्चर' के कारण 'स्ट्रेचर' पर लेटीं उनकी पत्नी संदीप कौर ने शव से गले लगकर अंतिम विदाई दी। दल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन के निकट रविवार को हुई दुर्घटना में आर्थिक मामलों के विभाग में उपसचिव सिंह (52) की मौत हो गई थी, जबकि कौर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दोनों गुरुद्वारा बंगला साहिब के दर्शन करके मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। सिंह के अंतिम संस्कार से पहले कौर के चेहरे पर आंसुओं की धाराएं बह रही थीं। दर्द से कराह रहीं कौर ने स्ट्रेचर से हाथ बढ़ाकर अपने पति के चेहरे को छुआ। इस दौरान अस्पताल के कमरे में सन्नाटा पसरा था और दोनों स्ट्रेचर एक-दूसरे के बगल में रखे हुए थे। एक पर सिंह का शव था, जबकि दूसरे



पर उनकी घायल पत्नी लेटी थीं। पेशे से स्कूल शिक्षिका कौर को कई फ्रैक्चर हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। परिवार के सदस्य सिंह के अंतिम संस्कार से पहले अंतिम विदाई देने के लिए उनके शव को कौर के कमरे में लाए थे।

## आईआईटी-हैदराबाद ने 6जी प्रोटोटाइप विकसित किया, 2030 तक शुरू करने का लक्ष्य

**हैदराबाद :** हैदराबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की प्रमुख दूरसंचार शोधकर्ता प्रोफेसर किरण कुची ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत 6जी तकनीक को आकार देने में न केवल भागीदार बने बल्कि एक दिग्गज बनकर विश्व में उभरे। उन्होंने बताया कि 6जी तकनीक के 2030 तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रोफेसर किरण के अनुसार, 6जी केवल '5जी से तेज' नहीं बल्कि कृत्रिम मेधा (एआई) के साथ जोड़ने से लेकर शहरी, ग्रामीण, घर के अंदर, बाहर, जमीन के नीचे, समुद्र और आकाश में हाई-स्पीड कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। आईआईटी-हैदराबाद 6जी को विकसित करने में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी संस्थानों और विभागों के सहयोग से संस्थान पहले ही 7गीगाहर्ट्ज बैंड में 6जी प्रोटोटाइप, उन्नत विशाल एमआईएमओ (मल्टीपल-इनपुट मल्टीपल-आउटपुट) एंटीना एरेज, और एलईओ (लो अर्थ ऑर्बिट) और जीईओ (जियोस्टेशनरी ऑर्बिट) दोनों कक्षाओं के लिए उपग्रह-अनुरूप प्रणालियां तैयार कर चुका है। किरण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हर दशक में दुनिया में नई मोबाइल तकनीक की शुरुआत होती है।

## जम्मू के पहाड़ी इलाकों में जमीन धंसने से 3,000 लोग घर छोड़ने को मजबूर

**तंगर (जम्मू-कश्मीर) :** जम्मू क्षेत्र के पीर पंजाल और शिवालिक पर्वतमाला में रहने वाले लोगों ने यह मानकर अपने सपनों का घर बनाया था कि पहाड़ उन्हें आश्रय देंगे, लेकिन अब वे अपने गांव छोड़ने को मजबूर हैं जो भारी बारिश के कारण भूमि धंसने की वजह से डूबने लगे हैं। रामबन, रियासी, जम्मू और पुंछ के 11 गांव पांच सितंबर से उत्तराखंड के जोशीमठ जैसे संकट का सामना कर रहे हैं, जहां घरों में दरारें आ गई हैं, खेत तबाह हो रहे हैं और परिवार भय व अनिश्चितता के कारण अपने



पुश्तैनी घरों को छोड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन गांवों में 3,000 से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। रामबन जिले के सवलाकोट जलविद्युत परियोजना के पास तंगर गांव में जमीन धंसने से 22 से 25 घर और एक सरकारी हाई स्कूल क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि चार किलोमीटर के क्षेत्र में 140 और घर खतरे में हैं। तंगर के निवासी रवि कुमार ने कहा, यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है। पहले तो हम अगस्त के अंत में भारी बारिश के कारण बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन के खतरे की वजह से डर और दहशत में जी रहे थे। इसके बाद हमारे घरों में अचानक दरारें पड़ गईं और बाद में अधिकांश घरों को नुकसान पहुंचा। रवि का परिवार अब घर गिरने के डर से तंबू में रह रहा है।

## श्रद्धालु विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिरों को धन नहीं देते : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए नहीं होता। अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं माना जा सकता। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 19 अगस्त को तमिलनाडु के पांच मंदिरों के धन से विवाह मंडपों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को रद्द कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि मैरिज हॉल का निर्माण धार्मिक उद्देश्यों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, ''भक्त इन विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिर को अपना धन नहीं देते, यह मंदिर के सुधार या धार्मिक कार्यों के लिए होता है।'' पीठ ने सवाल उठाया कि ''यदि मंदिर परिसर में विवाह समारोह चल रहा हो और अश्लील गाने बज रहे हों, तो क्या यही मंदिर का उद्देश्य है?'' शीर्ष अदालत ने सुझाव दिया कि मंदिरों के अधिशेष धन का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा और अन्य धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जा सकता है। अदालत ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति तो दी, लेकिन कोई स्थगन आदेश नहीं दिया। अब मामले की सुनवाई 19 नवम्बर को होगी। मद्रास उच्च न्यायालय का यह फैसला हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री के उस बजट भाषण के बाद आया जिसमें मंदिरों के धन से 80 करोड़ रुपये खर्च कर 27 विवाह मंडपों के निर्माण की घोषणा की गई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यह कदम तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1959 के प्रावधानों का उल्लंघन है क्योंकि मंदिर का धन व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं है।

# देहरादून में बादल फटा, अब तक 13 की मौत

**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार को बादल फटने से कुल 13 लोगों की मौत की खबर है जबकि 16 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। दोपहर को विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज होने से मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग लापता हैं। मालदेवता में सोंग नदी में 5 लोग बह गए, जिसमें से 4 के शव मिल गए हैं जबकि एक लापता है। कालसी में भी 1 व्यक्ति की मौत हुई है। तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। देहरादून के अलावा नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में भी एक-एक मौत की खबर है। यानी पूरे प्रदेश में बारिश के कारण कुल 15 लोगों की मौत हुई है। विज्ञप्ति के अनुसार, बीड जिले में पिछले 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई तथा नागपुर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड और नांदेड़ के कम से कम 41 राजस्व मंडलों में सोमवार को 65 मिमी से अधिक बारिश हुई। बीड के स्थानीय उपजिलाधिकारी शिव कुमार स्वामी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिले के संरक्षक एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की और नुकसान का सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ को बीड में तैनात किया गया है, लेकिन भारतीय सेना की इकाई को वापस भेज दिया गया है।



### हिमाचल प्रदेश में बारिश से तबाही, तीन की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में रातभर हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और मंडी में एक बस स्टैंड जलमग्न हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल के नेहरी क्षेत्र के बोई पंचायत में भूस्खलन के बाद एक मकान ढह जाने से तीनों की मौत हो गई। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि तीनों शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि दो अन्य लोगों को बचा लिया गया है।

### महाराष्ट्र में बारिश का कहर: 24 घंटों में तीन लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और 120 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को यह



जानकारी दी। वभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल प्रभावित जिलों में लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगे हुए हैं। मराठवाड़ा के आठ में से पांच जिलों में सोमवार को भारी बारिश हुई, जिसमें बीड में सबसे अधिक 143.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद नांदेड़ में 131.6 मिमी और जालना में 121.4 मिमी बारिश हुई। यह आंकड़े मंगलवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटे की अवधि के हैं। नदियां उफान पर हैं और निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे बीड और अहिल्यानगर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों में बचाव एवं राहत अभियान चलाया गया और 120 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/57, दिनांक: 15.09.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 14251020;** आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 (वर्शन3) (नवीनतम वर्शन एवं संशोधन नवीनतम तिथि तक, यदि कोई हो) के अनुसार सिंगल सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के लिए सिग्नल कंडीशनर कार्ड (एससीसी 1=50% और एससीसी 2=50%) का क्रय, (सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड प्रस्तुतकारकः एसएसडीएसी, फेज रिवर्सल टाइप आदि के उपयुक्त; रु.1,69,690/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 06.10.2025 को 13.30 बजे, (2) 10255010ए;** डब्ल्यूएपी-5 के लिए मेन गियर बेयरिंग का सेट; रु.2,77,540/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 14.10.2025 को 13.30 बजे, (3) 21251509;** एम्प्टी लोड बॉक्स की व्यवस्था के लिए संपूर्ण सेट आदि; रु.2,25,950/-, **(4) 21251379;** स्ट्राइकर कास्टिंग वेयर प्लेट आदि; रु.3,40,370/-, **(5) 21251018;** कैसनब 22 एनएलबी बोगी आदि के लिए कास्ट स्टील बोल्स्टर; रु.2,30,100/-, **(6) 21251385ए;** वॉशर के साथ नकल पिवॉट पिन आदि; रु.2,33,780/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :12.11.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 3 से 6 हेतु), **(7) 21255027;** बी.जी. बीओएक्सएनएचएल वैगन आदि के लिए फ्रिक्शन डैंपिंग व्यवस्था के साथ कैसनब-22 एचएस कास्ट स्टील बोगी; रु.13,92,400/-, **(8) 20253011ए;** एचएचपी ट्रै. मोटर भेल प्रस्तुतकारक के लिए ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच; रु.1,66,510/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :10.10.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 7 एवं 8 हेतु), **(9) 05251187;** सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग एनयू-326 का क्रय आदि; रु.3,43,660/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 07.10.2025 को 13.30 बजे, (10) 10251821;** हिटाची ट्रैक्शन मोटर के लिए कार्बन ब्रश की खरीद आदि; रु.2,82,630/- **निविदा खुलने की तिथि और समय :13.10.2025 को 13.30 बजे, (11) 05251179;** पेट्रोलियम कटिंग गैस का क्रय जिसका हीटिंग मूल्य जैसे कि न्यूनतम न्यूट्रल फ्लेम टेम्परेचर 2950 डिग्री सेल्सियस, कुल हीट उत्सर्जनः-23244 केसीएएल/एम क्यूबिक (किलो कैलोरी प्रति क्यूबिक मीटर), कुल हीट मूल्यः-12030 केसीएल/केजी, स्पेसिफिक ग्रैविटी (गैसीय अवस्था में):-1.52, वाष्प दबाव (37.8 डिग्री सेल्सियस पर):- 120 पीएसआई और बॉयलिंग रेंज (-2) डिग्री सेल्सियस के समरूप हो; रु.3,07,380/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :03.10.2025 को 13.30 बजे, (12) 20252158;** एक्सल बॉक्स हाउसिंग (फिनिश्ड मशीन्ड); रु.4,26,480/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :01.10.2025 को 13.30 बजे, (13) 16255015ए;** 160 वर्ग मिमी अनील्ड कॉपर स्ट्रैंडेड जम्पर वायर; रु.3,57,980/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :07.10.2025 को 13.30 बजे, (14) 20251144;** 25 केवी एसी ईएमयू एवं एमईएमयू के लिए एनर्जी-कम-स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट (ईएसएमओएन); रु.7,77,330/, **निविदा खुलने की तिथि और समय :21.10.2025 को 13.30 बजे, (15) 11251124ए;** फिएट बोगी के बोगी बोल्स्टर का क्रय आदि, रु.4,96,520/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :06.10.2025 को 13.30 बजे, (16) 10251593;** मेन कम्प्रेसर 1750/1745 एलपीएम की खरीद आदि; रु.9,97,820/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :09.10.2025 को 13.30 बजे, (17) 07241177बी;** आरडीएसओ के स्पेसि. नं. सी-9407, टाइप-II (रिव. 03 ऑफ फरवरी 2007) के तहत 4 संशोधन-अंतिम संशोधन स्लिप नं. 4 जो जुलाई 2019 में जारी किया गया एवं शुद्धिपत्र सं. 1 ऑफ जनवरी 2015 के साथ साइजः 2850 मिमी X1220 मिमी X12 मिमी के रेलवे कोचों में इस्तेमाल के लिए लकड़ी आधारित इम्प्रेग्रेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट का क्रय; रु.6,19,550/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :06.10.2025 को 13.30 बजे, (18) 11251024;** ऑल कॉइल फिएट बोगी के लिए सेकंडरी लैटरल डैंपर का क्रय आदि; रु.3,10,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :07.10.2025 को 13.30 बजे, (19) 20252147;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोच, ईएलजीआई प्रस्तुतकारक एयर कम्प्रेसर टाइप टीआरसी-1000डीसीएम, 54 माह ओवरहॉलिंग किट; रु.3,10,230/- **निविदा खुलने की तिथि और समय :06.10.2025 को 13.30 बजे, (20) 10252565;** डैंपर का सेट; रु. 6,02,680/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :08.10.2025 को 13.30 बजे, (21) 20251062;** ईएमयू कोचों के शॉकू कपलर के लिए सेमी परमानेंट कपलर ईएनडी "ए" का क्रय आदि; रु.5,90,170/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :13.10.2025 को 13.30 बजे, (22) 20251104;** एस्कॉर्ट ड्रॉ./पार्ट नं. 2ईपी 5025 (नया) के तहत ईएमयू के लिए एस्कॉर्ट्स ब्रेक इक्विपमेंट के एप्लिकेशन एवं होल्डिंग मैग्नेट वाल्वों के लिए वाल्व मैग्नेट जी-21, 110 वी। प्रस्तुतकारकः एस्कॉर्ट्स क्यूबोटा लिमिटेड; रु.3,34,190/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :15.10.2025 को 13.30 बजे, (23) 20251128;** आईसीएफ ड्रॉ. नं.-आईसीएफ/एसके-6-4-035; अल्फा-ऑल्ट.-'जेड/5' (छोटा जेड बाई 5) और आईसीएफ के स्पेसि. नं.-आईसीएफ/एमडी/स्पेसि.-091, इशू स्टेटस-01, रिव. नं.-02, 21-08-2009 के तहत एयर फिल्टर; रु. 1,47,050/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :03.10.2025 को 13.30 बजे, (24) 12255727;** ड्यूमैटिक के लिए गियरबॉक्स एवं व्हील के साथ संपूर्ण ड्राइव एक्सल; रु.2,54,360/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :07.10.2025 को 13.30 बजे, (25) 10252509;** केबल हेड टर्मिनेशन वर्टिकल की खरीद आदि; रु.2,09,940/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :14.10.2025 को 13.30 बजे, (26) 15255068ए;** श्राउडेड डीएसएल के साथ ईओटी क्रेन 20 टन की आपूर्ति एवं आरंभ करना, रु.2,41,600/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :07.10.2025 को 13.30 बजे, (27) 19255039;** आईपी आधारित वीडियो सर्विलेंस सिस्टम का क्रय आदि; रु.10,96,830/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :10.10.2025 को 13.30 बजे, (28) 12254007;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-3706 के तहत एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय :22.10.2025 को 13.30 बजे, (29) 22255510;** इंट्राविट्रियल इंजेक्शन आइटम कोड नं.: एम161124, एआई 25-26 के लिए फैरिसिमैब 6 एमजी/0.05 एमएल सॉल्यूशन; रु.0, **(30) 22255511;** इंज. रिकॉम्बिनेंट सोमाट्रॉपिन 36 आईयू (12 एमजी/एमएल) आइटम कोड नं.: एम140302, एआई 25-26; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय :22.09.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 29 एवं 30 हेतु), **निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 30 प्रत्येक हेतु)। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-34/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter




वर्ष 10, पूर्णांक 3360 अंक 170, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in